बाबा : (अपने दोनो हाथ हवा मे उठाते हुए) मालिक मेरे बेटे की हिफ़ाज़त करना.... जास्मिन बेटा वो मैं जो ताबीज़ लेके आया था सुजल के लिए वो ले आओ ज़रा.

जास्मिन : अभी लाई बाबा !

मैं : कौनसा ताबीज़ बाबा ?

बाबा : बेटा ये बहुत मुबारक ताबीज़ है .बहुत दुआ के साथ बनाया गया है.ये तुम्हारी हर बुरी बला से हिफ़ाज़त करेगा.

जास्मिन : (तेज़ कदमो के साथ कमरे मे आके बाबा को ताबीज़ देते हुए) ये लो बाबा.

बाबा : (मेरे गले मे ताबीज़ बाँध कर मेरा माथा चूमते हुए) खुश रहो बेटा. अब तुम तैयार हो जाओ तुम्हारे जाने का वक़्त हो गया.

मैं : जी बाबा.

उसके बाद मैं और नताशा जल्दी से तैयार होने मे लग गये और जास्मिन और सलमा मेरे और नताशा के लिए नाश्ता बनाने लग गई. तैयार होके हम सब ने साथ मे नाश्ता किया और उसके बाद फिर वही ढेर सारे आँसू और बेश-कीमत दुवाओ के साथ मुझे विदा किया गया. कार मे नताशा भी खुद को रोने से रोक नही पाई और तमाम रास्ते वो भी मेरे कंधे पर सिर रख कर रोती रही. यक़ीनन इन सब के दिल मे जो मेरे लिए प्यार था वही मेरा जाना मुश्किल कर रहा था मेरा दिल चाह रहा था कि मैं ना कर दूं और मैं ना जाऊ. लेकिन मैं ऐसा चाह कर भी नही कर सकता था. इसलिए अपने दिल को मज़बूत करके मैने कार की रफ़्तार बढ़ा दी. अब मैं जल्दी से जल्दी शहर पहुँचना चाहता था. सब घरवाले और नताशा के बारे मे सोचते हुए जल्दी ही मैने कार को शहर तक पहुँचा दिया.

मैं : नताशा हम शहर आ गये हैं. अब बताओ तुम भी मेरे साथ हेड-क्वॉर्टर चलोगि या तुमको घर छोड़ दूँ.

नताशा : (अपने आँसू पोन्छते हुए) मैं भी तुम्हारे साथ ही चलती हूँ. ना घर मे कौन है जिसके पास जाऊ.

मैं : ठीक है.

उसके बाद हम हेड-क़्वार्टेर पहुँच गये जहाँ चौहान ओर साजिद हमारा पहले से इंतज़ार कर रहे थे. मैने नताशा को उसके कॅबिन मे जाने का इशारा किया लेकिन वो फिर भी मेरे पिछे-पिछे चौहान के कॅबिन मे ही आ गई. मेरे कमरे मे घुसते ही चौहान ने तालियो के साथ मे मेरा स्वागत किया.

चौहान : (ताली बजाते हुए) वाह भाई वा क्या ज़ुबान का पक्का आदमी है. देख साजिद तुझे बोला था ना ये सुबह आ जाएगा.

साजिद : साहब आपको पक्का यक़ीन है ये उस्मान ही है.

चौहान : मेरा दिमाग़ मत खराब कर. तुझे जो बोला वो कर. फालतू मे अपना दिमाग़ मत चला समझा.

साजिद : जी माफ़ कर दीजिए ग़लती हो गई.

नताशा : चौहान तुम सुजल को कहाँ भेज रहे हो.

चौहान : सॉरी मेडम ये सीक्रेट है .आपको नही बता सकता.

नताशा : (मुझे देखते हुए) अपना ख्याल रखना और जाते हुए मुझे मिलकर जाना.

मैं : (हाँ मे सिर हिलाते हुए) अच्छा.

उसके बाद नताशा कमरे से बाहर चली गई और मैं साजिद के साथ वाली कुर्सी पर आके बैठ गया. चौहान अपनी कुर्सी से खड़ा हुआ और जल्दी से तेज़ कदमो के साथ कमरे के बाहर खड़े गार्ड की तरफ गया और उससे दूर जाके खड़े होने का बोल दिया और फिर वापिस अपनी कुर्सी पर आके बैठ गया. मैं और साजिद दोनो चौहान को बड़े गौर से देख रहे थे. चौहान ने मुझे एक मुस्कान के साथ देखा और बोला...

चौहान : हाँ तो सुजल मिल आए घरवालो से.

मैं : जी मिल आया.

चौहान : अब मेरे काम के लिए तैयार हो.

मैं : हंजी एक दम तैयार हूँ

चौहान : बहुत खुंब... तो ठीक है फिर अभी थोड़ी देर मे निकलना है उससे पहले मेरे साथ आओ... साजिद तुम यही बैठो और हो सके तो अपने लिए चाय कॉफी मंगवा लेना.

साजिद : जी कोई बात नही मैं ठीक हूँ. आप अपना काम ख़तम कर ले.

चौहान : (मेरे कंधे पर हाथ मरते हुए) चलो मेरे साथ आओ.

मैं बिना कोई जवाब दिए अपनी कुर्सी से खड़ा हुआ और सवालिया नज़रों के साथ चौहान के पिछे-पिछे चलने लगा. चौहान मुझे एक कमरे मे ले गया जहाँ सिर्फ़ एक टेबल और दो कुर्सियाँ लगी हुई थी.

चौहान : तुम अंदर बैठो मैं अभी आता हूँ.

मैं : जी अच्छा.

कुछ देर इंतज़ार करने के बाद चौहान एक बॅग के साथ कमरे मे आ गया और बॅग को टेबल पर मेरे सामने रख दिया और मेरे देखते ही देखते बॅग खोल कर उसमे से समान निकालना शुरू किया.

चौहान : अपने जूते उतारो और ये जूते पहन लो.

मैं : क्यो... इनमे क्या खराबी है अभी नये ही लिए हैं.

चौहान : जो मैं जूते तुमको दे रहा हूँ ये फॅशन के लिए नही बल्कि इनमे ट्रांसमेटेर लगा है. इससे मुझे पता चलता रहेगा की तुम कहाँ हो.

मैं : (अपने जूते उतारते हुए) अच्छा पहन लेता हूँ.

चौहान : (टेबल पर एक हँड पिस्टल रखते हुए) ये गन है तुम्हारी सेफ्टी के लिए ज़रूरत पड़े तो ही चलाना. लेकिन याद रखना अब तुम सुजल हो और सुजल पेशेवर क़ातिल नही है.

मैं : (गन उठाते हुए) जी अच्छा.

चौहान : (एक लॉकेट निकालते हुए) ये देखने मे लॉकेट जैसा है. लेकिन असल मे कॅमरा है इससे पहन लो... तुम उन लोगो के साथ जहाँ भी जाओ अपने लॉकेट से खेलने के बहाने उनकी और नये लोगो की तस्वीरे लेते रहना.

मैं : ठीक है.

चौहान : जो तुमको ट्रैनिंग मे सिखाया था वो सब याद है ना.

मैं : जी सब याद भी है और मैं अब सब डिवाइस इस्तेमाल भी कर सकता हूँ.

चौहान : ठीक है.

मैं: लेकिन चौहान साहब वो तस्वीरें मैं आप तक पहुँचाऊँगा कैसे.

चौहान : मैं तुमको हर हफ्ते तुम्हारे फाइट क्लब पर मिलूँगा. वहाँ हर बार तुम अपना लॉकेट इस दूसरे लॉकेट से बदल देना.ताकि तुम्हारे लॉकेट से तस्वीरे लेकर मैं उनको डेवलप करवा सकूँ और तुम दूसरे लॉकेट से और नयी तस्वीर ले सको.

मैं : जी अच्छा.... लेकिन मुझे कैसे पता चलेगा कि आप मुझे कब और कहाँ मिलोगे.

चौहान : तुम बस अपने फाइट क्लब मे आ जाया करना .वहाँ तुमको मेरा कोई ना कोई आदमी मिल जाएगा .जो तुमको मेरा मिलने का वक़्त और जगह बता देगा.

मैं : ठीक है.

चौहान : वहाँ जाके लड़की और ताक़त के नशे मे मत डूब जाना और जब भी मोक़ा मिले सबूत इकट्ठे करते रहना. ताकि मैं उन लोगो को सज़ा दिलवा सकूँ.

मैं : (हां मे सिर हिलाते हुए) जी अच्छा.

चौहान: अब तुम साजिद के साथ जाओ. वो तुमको तुम्हारी मंज़िल तक पहुँच देगा और एक ज़रूरी बात तुम मेरे लिए काम करते हो ये बात कभी ग़लती से भी किसी को मत

बताना.नही तो वो लोग तुमको वही ख़तम कर देंगे.

मैं: हमम्म

चौहान : अब तुम साजिद के साथ जाओ ओर उसके साथ जाके डील करो.याद रखना तुमको वहाँ जाके लड़ाई करनी है किसी भी बहाने से समझ गये.

मैं : हाँ सब समझ गया.

चौहान : कुछ भी समझ नही आया तो फिर से पूछ लो लेकिन वहाँ जाके कोई गड़बड़ मत करना. तुम नही जानते तुम पर मैं कितना बड़ा दाव खेल रहा हूँ .अगर तुमने कोई ग़लती की तो मेरी जान भी ख़तरे मे आ जाएगी क्योंकि उन लोगो की पहुँच का तुमको अंदाज़ा नही है. यहाँ मेरे स्टाफ मे भी उन लोगो ने अपने कुछ कुत्ते पल रखे हैं.इसलिए मैने तुम्हारी ट्रैनिंग को एक दम टॉप सीक्रेट और सिर्फ़ अपने भरोसे के आदमियो के साथ पूरा करवाया है.

मैं : आप फिकर ना करें सब वैसे ही होगा जैसा आप चाहते हैं. मुझे पर भरोसा किया है तो भरोसा रखिए और मेरे पिछे से मेरे घरवालो को कोई तक़लीफ़ नही होनी चाहिए.

चौहान : उनकी फिकर तुम मत करो.मैं खुद उनका ख्याल रखूँगा और देखूँगा कि उनको किसी भी चीज़ की कमी ना हो.

मैं : जी शुक्रिया.

उसके बाद मैं ओर चौहान वापिस चौहान के कॅबिन मे चले गये.जहाँ साजिद मेरा इंतज़ार कर रहा था.

मैं: चौहान साहब मैं एक मिनिट में आया जाने से पहले एक बार डॉक्टर साहिबा से मिल आऊ.

चौहान : जाओ लेकिन जल्दी आना.

उसके बाद मैं नताशा के कॅबिन मे चला गया जहाँ वो शायद मेरा ही इंतज़ार कर रही थी. मेरे कॅबिन मे आते ही उसने दरवाज़ा अंदर से बंद किया और मुझे गले लगा लिया.

नताशा : जा रहे हो.

मैं : हमम्म ! बस तुमको मिलने के लिए ही आया था.

नताशा : कहाँ जा रहे हो.

मैं : पता नही चौहान ने मुझे भी नही बताया. बस इतना पता है साजिद के साथ जाना है.

नताशा : ठीक है कोई बात नही. वहाँ अपना ख़याल रखना और अगर मुमकिन हो तो मुझे फोन कर लेना जब भी मोक़ा मिले.

मैं : अच्छा... ठीक है अब मैं जाऊ.

नताशा : हम्म जाओ

मैं : मुझे छोडोगी तो जाऊंगा

नताशा : रुक जाओ २ मिनिट ढंग से गले भी नही लगाने देते....(कुछ देर मुझे गले से लगा कर) हमम्म अब ठीक है अब जाओ (मेरे होंठ चूमते हुए)

मैं : तुम भी अपना ख्याल रखना और रोना मत.

नताशा : (मुस्कुरा कर हाँ मे सिर हिलाते हुए) हमम्म

उसके बाद मैं और नताशा चौहान के कॅबिन तक आ गये और चौहान के कॅबिन तक मुझे छोड़कर नताशा हाथ हिलाकर मुझे अलविदा कहती हुई वापिस अपने कॅबिन की तरफ चली गई. मेन गेट खोल कर चौहान के कॅबिन मे चला गया.

चौहान : तुम्हारा मिलना-मिलना हो गया.

मैं (हँसते हुए) जी हो गया जनाब.

चौहान : शूकर है...(हाथ जोड़ते हुए) चल भाई साजिद खड़ा हो जा और लग जा काम पर. इसको मैने सब समझा दिया है और तू भी कोई लफडा मत करना.

साजिद : जनाब आज तक कभी गड़-बड हुई है जो अब होगी.

चौहान : पहले तू अकेला होता था. इस बार ये भी तेरे साथ है.

साजिद : फिकर ना करे जनाब मैं साथ हूँ ना. सब संभाल लूँगा.

चौहान : इसको वहाँ पहुँचने के बाद मुझे फोन कर देना और मुझे इसके पल-पल की खबर चाहिए समझा.

साजिद : (अपना दायां हाथ सिर पर रखते हुए) ओके बॉस.... चलो भाई उस्मान आपको आपकी मंज़िल तक पहुंचाता हूँ.

उसके बाद मैं और साजिद एक कार मे बैठे और अपने नये सफ़र के लिए रवाना हो गये. मैं नही जानता था कि मुझे कहा भेजा जा रहा है और वो लोग कौन है और कैसे होंगे क्या वो मुझे अपने साथ लेके जाएँगे या नही. मुझे ये भी नही पता था कि जिस सफ़र पर मुझे भेजा गया है वहाँ से मैं ज़िंदा लौटूंगा भी या नही. ऐसे ही कई सवाल मेरे दिमाग़ मे चल रहे थे. लेकिन इस वक़्त मेरे पास किसी सवाल का जवाब नही था. लेकिन तेज़ी से गुज़रने वाले वक़्त के पास मेरे हर सवाल का जवाब था. अब मैं चुप-चाप बैठा अपनी आने वाली मज़िल का इंतज़ार कर रहा था जहाँ मुझे जाना था.

२४

साजिद गाड़ी को तेज़ रफ़्तार से भगा रहा था और मैं खिड़की से अपना चेहरा बाहर निकाले ठंडी हवा का मज़ा ले रहा था. मुझे नही पता कब मेरी आँख लग गई और मैं सो गया. जाने मैं कितनी देर सोता रहा, लेकिन साजिद के हिलाने से मेरी आँख खुल गई...

साजिद : उस्मान भाई एयरपोर्ट आ गया है उतरो...

मैं : (दोनो हाथो से आँखें मलते हुए) क्या....

साजिद : भाई !एयरपोर्ट आ गया. फ्लाइट पकड़नी है ना गाड़ी से उतरो....

मैं : (अपने दोनो हाथ अपने मुँह पर फेरते हुए) हाँ चलो...

उसके बाद मैं और साजिद गाड़ी से उतर गये.साजिद ने जल्दी से गाड़ी की पिछली सीट से उसका और मेरा सूट केस निकाला और मेरी तरफ बढ़ने लगा. मैने अपना सूट केस पकड़ लिया और उसने अपना. फिर हमने गाड़ी को वही छोड़ दिया और हम दोनो एयरपोर्ट के अंदर आ गये. ये जगह मेरे लिए एक दम नयी थी. मैं ठीक होने के बाद पहले कभी ऐसी जगह पर नही आया था. साजिद ने मुझे एक जगह की तरफ इशारा करके बैठने को कहा और खुद किसी से मिलने चला गया. मैं एयरपोर्ट पर एक खाली जगह पर बैठ गया और चारो तरफ देख रहा था वहाँ के लोग जो घूम रहे थे ओर सेक्यूरिटी गार्ड जो लोगो को चेक कर रहे थे. एक जगह पर सबके समान को एक मशीन (स्केनर) मे डाल कर चेक किया जा रहा था. इसलिए मुझे अपने समान की फिकर होने लगी क्योंकि इतना तो मुझे देख कर ही समझ आ गया था कि मेरा समान भी ज़रूर चेक होगा और मेरे पास पिस्टल भी थी और चौहान के दिए हुए ट्रांसमेटेर्स भी जिससे चौहान मुझ तक पहुँच सके. अभी मैं सोच ही रहा था कि साजिद दो गार्ड जिनके पास हथियार थे उनके साथ मेरी तरफ आ रहे थे. मुझे लगा शायद उन लोगो ने साजिद को पकड़ लिया. इसलिए मैने जल्दी से अपना एक हाथ जॅकेट मे डाल लिया जिस तरफ पिस्टल थी और अपना हाथ पिस्टल पर रख लिया.

साजिद : चलो भाई काम हो गया १० मिनिट बाद फ्लाइट है अपनी...

मैं : (चैन की साँस लेकर अपना हाथ जॅकेट से बाहर निकालते हुए) अच्छा... लेकिन ये लोग कौन है.

साजिद : भाई ये चौहान साहब के ही लोग हैं.हम को यहाँ कोई परेशानी ना हो इसलिए...

मैं : अच्छा... मैं तो समझा तुमको इन्होने पकड़ लिया.

साजिद : (मुस्कुरा कर) नही भाई सब ठीक है. आप बे-फिकर हो जाए.

मैं : (हाँ मे सिर हिलाते हुए) हमम्म ! यार साजिद वैसे हम क्या शहर से बाहर जा रहे हैं.

साजिद : (हँसते हुए) भाई आपको चौहान साहब ने कुछ नही बताया.

मैं : (ना मे सिर हिलाते हुए)

साजिद : कोई बात नही.... चलो चलें देर हो रही है.

उसके बाद कोई खास बात नही हुई.जल्दी ही हम रनवे पर आ गये जहाँ हमारा छोटा सा प्लेन ऑलरेडी तैयार खड़ा था. हम दोनो को वो दोनो लोग बिना सेक्यूरिटी चेक के एक छोटे से प्लेन तक छोड़ गये .जहाँ सिर्फ़ मैं और साजिद ही बैठे थे बाकी तमाम प्लेन खाली पड़ा था. मैं हर चीज़ को बड़ी हैरानी से देख रहा था क्योंकि ये सब कुछ मेरे लिए एक दम नया था. खैर कुछ ही घंटे के बाद हम हमारी मंज़िल तक पहुँच गये. फ्लाइट से उतरने के बाद मैं साजिद के पिछे-पिछे ही चल पड़ा क्योंकि मैं नही जानता था कि उसके बाद कहाँ जाना है. फ्लाइट से उतरने के बाद एयरपोर्ट पर एक कार पहले से मोजूद थी जिसमे मैं और साजिद बैठ गये. बाहर रात हो गई थी लेकिन इतनी ज़्यादा रोशनी और बड़ी-बड़ी बिल्डिंग्स थी जो मैने पहले कभी नही देखी थी.मैने जल्दी से कार का ग्लास नीचे किया और बाहर देखने लगा.

साजिद : भाई क्या कर रहे हो शीशा बंद करो कोई देख सकता है.

मैं : यहाँ हम को कौन जानता है . देखने दो ना अच्छा लग रहा है.

साजिद : भाई आपके लिए ये शहर अजनबी है. लेकिन आप इस शहर के लिए अजनबी नही हो. आपके इस शहर मे सिर्फ़ दोस्त ही नही दुश्मन भी बहुत है. मैं आपके लिए ही कह रहा हूँ.

मैं : (बिना कुछ बोले शीशा उपर करते हुए) ठीक है.... वैसे क्या तुम मेरे बारे मे सब कुछ जानते हो.

साजिद : भाई इस शहर मे शायद ही कोई ऐसा हो जिसने उस्मान भाई का नाम नही सुना हो.

मैं : वैसे अब हम जा कहाँ रहे हैं.

साजिद : होटेल मे जहाँ हमने रुकना है. फिर कल शाम को डील है तो वहाँ जाना है.

मैं : अच्छा...

उसके बाद हम दोनो कार मे खामोश बैठे रहे और कुछ देर बाद कार ने हम को एक बहुत ऊँची बिल्डिंग के सामने उतार दिया. ये एक बेहद शानदार होटेल था. अंदर साजिद के साथ मैं होटेल के अंदर चला गया वहाँ हम दोनो के लिए पहले से रूम बुक थे. साजिद मुझे शाम को तैयार रहने का बोलकर अपने कमरे मे चला गया. मैं भी सफ़र से थक गया था इसलिए रूम मे आते ही सो गया. सुबह मैं देर से उठा और नाश्ता मंगवाने के बाद मेरे पास अब करने को कोई काम नही था इसलिए अपना वक़्त टीवी देखकर गुज़ारने की कोशिश करने लगा. लेकिन आज मुझसे वक़्त काटे नही काट रहा था. मैं अकेला बहुत ज़्यादा बोर हो रहा था इसलिए वक़्त से पहले ही नहा कर तैयार हो गया और शाम को साजिद का इंतज़ार करने लगा. खैर शाम को साजिद ने मेरा दरवाज़ा खट-खटाया और इस बार उसके साथ कुछ और लोग भी थे. वो सब लोग मुझे बड़ी हैरानी से देख रहे थे. लेकिन मुझे किसी का भी चेहरा याद नही था. शायद साजिद सही था यहाँ के काफ़ी लोग मुझे जानते थे. हम सब तेज़ कदमो के साथ लिफ्ट की तरफ बढ़ने लगे. लिफ्ट मे साजिद के साथ खड़े लोग मुझे बड़ी हैरानी से देख रहे थे. कुछ देर बाद हम होटेल से निकले और कार मे बैठ गये. कार मे बैठने के बाद आगे जाने क्या होने वाला है ये सोच कर मेरी दिल की धड़कन काफ़ी तेज़ हो गई थी और मुझे घबराहट सी हो रही थी.इसलिए मैं पानी की बोटल से बार-बार पानी पी रहा था.

कुछ ही देर बाद गाड़ी एक अज़ीब सी जगह आके रुक गई. ये जगह बाहर से किसी खंडहर जैसी लग रही थी और काफ़ी पुरानी सी इमारत थी जो लगता था कि बहुत वक़्त से बंद पड़ी हो आस-पास काफ़ी कचरा जमा हुआ पड़ा था. मैं उस जगह को गौर से देखने लग गया. उसके बाद सब लोग गाड़ी से उतर गये लेकिन जब मैं भी गाड़ी से उतरने लगा तो साजिद ने मुझे रोक दिया.

साजिद : भाई आप कार मे ही बैठो.. अगर हम लोग १५ मिनिट मे वापिस नही आए तो आप अंदर आ जाना और जो भी मिले मिले ठोक देना साले को. और याद रखना आपको पैसे और ड्रूस दोनो उठाने हैं.

मैं : ठीक है ! याद रखूँगा.

फिर वो लोग चले गये और मैं गाड़ी मे बैठा हुआ अपनी घड़ी मे वक़्त देखने लगा. अब मुझे १५ मिनिट गुज़रने का इंतज़ार था. मैने जल्दी से एक बार फिर अपनी कोट की जेब मे हाथ डाला और पिस्टल को निकाल कर अपने हाथ मे पकड़ लिया और उसमे से मेग्ज़ीन निकाल कर गोलियाँ चेक की और फिर से मॅग्ज़िन को पिस्टल मे डाल दिया और अपनी पिस्टल को लोड कर लिया .साथ ही दूसरी जेब से साइलेनसर निकाल कर पिस्टल की नली पर लगा दिया ताकि गोली चलने की आवाज़ कम से कम हो. मैं अंदर से घबरा भी रहा था और उन लोगो से सामना करने के लिए बे-क़रार भी था. मैं कभी घड़ी की तरफ देख रहा था कभी उस टूटी सी इमारत की तरफ. अब मुझसे इंतज़ार करना मुश्किल हो रहा था. इसलिए मैने जल्द बाज़ी मे गाड़ी का गेट खोला और १० मिनिट होने पर ही अपनी पिस्टल हाथ मे लिए उस इमारत मे घुस गया लेकिन अंदर घुसते ही मुझे समझ नही आ रहा था कि किस तरफ जाना है क्योंकि वहाँ से ३ रास्ते निकल रहे थे और अंधेरा भी काफ़ी था क्योंकि रात होने लगी थी. थोड़ा आगे जाने पर मुझे सामने वाले रास्ते पर कुछ रोशनी नज़र आई इसलिए मैं दीवार का सहारा लेके सामने वाले रास्ते की तरफ बढ़ने लगा.

वहाँ मुझे सामने २ लोग नज़र आए जो मेरी तरफ पीठ करके खड़े थे. मैने अपनी बंदूक का पहला निशाना बाएँ तरफ खड़े आदमी की खोपड़ी पर लगाया और पिस्टल का ट्रिग्गर दबा दिया एक झटके के साथ पिस्टल से गोली निकली और उस आदमी के भेजे से आर-पार हो गई वो आदमी वही ज़मीन पर गिर गया. इतने मे दूसरा आदमी जो उसकी दूसरी तरफ खड़ा था उसको गिरता देख कर उसकी तरफ बढ़ा तो मैने अपना दूसरा निशाना उसके सिर मे लगाया लेकिन वो झुक कर थोड़ा उपर को देखने लगा और अपनी गर्दन चारो तरफ घुमाने लगा. इसलिए गोली उसके सिर की जगह उसके गले मे लगी जिससे वो ज़मीन पर

गिर गया और तड़पने लगा. मैं जल्दी से उसके पास गया और एक गोली और उसके सिर मे मार दी. उस आदमी के पास जाना ही मेरी सबसे बड़ी ग़लती थी. वहाँ जाते ही मेरी तरफ गोलियाँ चलने लगी. मैं जल्दी से खुद को बचाने के लिए दीवार के पिछे हो गया. कुछ देर गोलियाँ चलाने के बाद वो लोग रुक गये मैने धीरे से अपनी गर्दन बाहर निकाली ओो उन्न लोगो की पोज़ीशन चेक करने लगा. उनमे से ३ लोग जिस बँच पर ड्रग्स और पैसे पड़े थे उसके पिछे छुपे हुए थे और २ लोग एक खंबे के पिछे थे. जहाँ मैं खड़ा था वहाँ से उन पर निशाना लगाना बहुत मुश्किल था. बाकी साजिद और जो लोग मेरे साथ कार मे यहाँ आए थे उनका कोई नाम-ओ-निशान नही था.

मेरी नज़रें साजिद और उसके साथ आए लोगो को तलाश कर रही थी. लेकिन वहाँ कोई भी मुझे नज़र नही आ रहा था. तभी उन लोगो ने फिर से गोलियाँ चलानी शुरू करदी. इसलिए मुझे फिर से दीवार के पिछे जाना पड़ा. अब मैं उस जगह पर अकेला था और वो ५ लोग थे मैं सोच रहा था कि इनको कैसे ख़तम करूँ इसलिए अपनी नज़र चारो तरफ दौड़ा रहा था कि लेकिन वहाँ मुझे कुछ भी ऐसा नज़र नही आ रहा था जिससे मैं उनको बाहर निकाल सकूँ. तभी मुझे ख्याल आया मैने ज़मीन से एक पत्थर उठाया और उपर बंद पड़े लटकते हुए पंखे पर निशाना लगा के ज़ोर से पत्थर मारा. पत्थर की टॅन्न्न्न की आवाज़ से सबकी नज़र उपर चली गई जिससे मुझे मेरी पोज़ीशन बदलने का मोक़ा मिल गया. मैने जल्दी से छलाँग लगाकर एक खंबे के पीछे चला गया. यहाँ से मैं सिर्फ़ २ लोगो पर सही निशाना लगा सकता था. मैने जल्दी से टेबल के नीचे बैठे आदमी पर निशाना लगाया और गोली चला दी गोली सीधा उसके पेट मे लगी और वो गिर गया और तड़पने लगा. उसके पास जो दूसरा आदमी वो अपने साथ वाले को गोली लगने से शायद डर गया इसलिए खड़ा होके अपने दूसरे साथी की तरफ भागने लगा. मैने जल्दी से अपना निशाना लगाया और उसको दूसरी तरफ पहुँचने से पहले ही ढेर कर दिया. अब मुझे बाकी ३ को भी मारना था. लेकिन जहाँ मैं खड़ा था वहाँ से मैं उन तक नही पहुँच सकता था. इसलिए मैने गोलियाँ ज़ाया करना मुनासिब नही समझा और वही खड़े होकर उनकी अगली चाल का इंतज़ार करने लगा. तभी उनमे से एक की आवाज़ आई...

आदमी : ओये कौन है तू साले....क्यो गोली चला रहा है...पुलिसवाला है क्या...साले हर बार हड्डी पहुँचती तो हैं इस बार तुझे तेरा हिस्सा नही मिला जो यहाँ मुँह मारने आ गया है. साले हम ख्वाजा साहब के लोग है और ये माल भी उनका है. हम को जाने दे वरना तेरी लाश का भी पता नही चलेगा.

मैं खामोश रहा और चुप चाप उनके बाहर निकलने का इंतज़ार करने लगा. वो लोग कुछ देर ऐसे ही चिल्लाते रहे. काफ़ी देर बाद जब मेरी तरफ से कोई आवाज़ नही आई तो उन लोगो ने फिर से गोलियाँ चलानी शुरू करदी.अब की बार मैने जवाब मे कोई गोली नही चलाई और उनके बाहर निकलने का इंतज़ार करने लगा. कुछ देर बाद उनमे से एक आदमी खंबे के पिछे से बाहर आया और मेज़ के पास आके रुक गया और इधर-उधर देखने लगा. अब की बार मैने उसे पूरा मोक़ा दिया कि वो बॅग को बंद कर सके. फिर उसने अपने दूसरे साथी को भी हाथ से इशारा किया और वो भागता हुआ बंदूक ताने मेरी तरफ बढ़ने लगा. मैं यही चाहता था. मैं जल्दी से खंबे के पिछे से बाहर निकला और सबसे पहले जो मेरी तरफ आ रहा था उसके पैर मे गोली मारी.वो वही गिर गया और तड़पने लगा. इतमें मे जो दूसरा आदमी मेज़ के पास खड़ा उसने दोनो बॅग उठाए और खंबे की तरफ भागने लगा. मैने उसकी पीठ मे २ गोली मारी वो भी वही गिर गया.अब मैने अपना निशाना उस लेटे हुए आदमी पर लगाया जिसके पैर मे गोली लगी थी इस बार मैने सीधा उसके माथे पर गोली मारी. दोनो आदमी ख़तम हो चुके थे और अब सिर्फ़ एक आदमी बचा था और मेज़ के पास ही पैसे वाला और ड्रूस वाला बॅग गिरे पड़े थे. इस बार मैने आवाज़ लगाई...

मैं : मुझे पता है तू अकेला ही बचा है .अगर यहाँ से निकलना चाहता है, तो निकल जा. माल को भूलजा वो मेरा हुआ.

वो आदमी : लेकिन इसकी क्या गारंटी है कि तुम गोली नही चलाओगे.

मैं : साले मैं तुझे टीवी बेच रहा हूँ जो गारंटी चाहिए..... निकलना है तो निकल जा ,नही तो तुझे मार कर तो मैं ये माल हासिल कर ही लूँगा.

वो आदमी : ठीक है माल तुम रख लो लेकिन गोली मत चलना.

मैं : मंज़ूर है अपनी पिस्टल फैंक कर बाहर आजा.

उसके बाद उस आदमी ने मेज़ की तरफ अपनी पिस्टल फेंक दी और सिर पर हाथ रख कर बाहर आ गया. मैने जल्दी से थोड़ा सा बाहर निकलकर अपनी पिस्टल का निशाना उसके दिल पर लगाया और गोली चला दी वो आदमी भी वही ख़तम हो गया. उसके बाद मैं धीरे से बाहर आया और झुक कर धीरे-धीरे आगे मेज़ की तरफ बढ़ने लगा. जिसके पास दोनो बॅग गिरे पड़े थे. मैने चारो तरफ देखा वहाँ मुझे कोई भी नज़र नही आ रहा था. इसलिए मैने

जल्दी से दोनो बॅग उठाए और साजिद और उसके लोगो को ढूँढने लगा.लेकिन मुझे वो कही नज़र नही आए इसलिए मैं उस खंडहर से बाहर निकल आया. अब मैने चारो तरफ देखा लेकिन बाहर भी सिवाए गाड़ी के कोई नही था. मैने दोनो बॅग गाड़ी मे रखे ओर कार स्टार्ट की ताकि वापिस होटेल जा साकु. तभी कार के केबिनेट मे किसी फोन की घंटी की आवाज़ सुनाई दी जो शायद काफ़ी देर से बज रहा था. मैने जल्दी से केबिनेट खोला और फोन बाहर निकाला और फोन उठा कर अपने कान से लगाया दूसरी तरफ से जो आवाज़ सुनाई दी वो जानी-पहचानी सी लगी. ये तो चौहान था.....

मैं : हेल्लो....

चौहान : हां भाई उस्मान क्या खबर है.

मैं : चौहान साहब मुझे साजिद एक डील पर लेके गया था जहाँ एक समस्या हो गयी है

चौहान : वो सब मुझे पता है ये बताओ दोनो बॅग कहाँ है.

मैं : मेरे पास...

चौहान : उनमे से कोई ज़िंदा तो नही बचा.

मैं : नही मैने सबको ख़तम कर दिया...

चौहान : अच्छा किया.... अब तुम यहाँ से अपने होटेल चले जाओ जहाँ तुम रुके हुए हो.

मैं : लेकिन साजिद और उसके लोग जाने कहाँ चले गये हैं. मैने उनको सब जगह ढूँढ लिया है कोई भी नही मिला मुझे.

चौहान : कोई बात नही उनको मैने ही बोला था कि निकल जाने को वहाँ से.

मैं : ठीक है फिर अब मेरे लिए क्या हुकुम है.

चौहान : तुम बस अपने होटेल जाओ और कल रात तक इंतज़ार करो. साजिद खुद ही तुम्हारे पास आ जाएगा... वैसे तुम्हारा निशाना बहुत अच्छा है.

मैं : शुक्रिया... वैसे आपको कैसे पता कि मेरा निशाना अच्छा है.

चौहान : मैं तुमसे दूर ज़रूर हूँ लेकिन तुम्हारी पल-पल की खबर मेरे पास पहुचती है और वैसे भी ये तो पूरे अंडरवर्ल्ड मे मशहूर है कि उस्मान का निशाना कभी नही चुकता... नही तो पहली बार हथियार उठाने वाला आदमी ढंग से गोली भी नही चला सकता और तुमने सबको ८ गोली मे ही ख़तम कर दिया. ये जान कर अच्छा लगा कि तुम्हारा निशाना अब भी जबरदस्त है.

मैं : शुक्रिया.... जनाब ! ये पैसे और ड्रग्स का क्या करना है.

चौहान : अभी तुम इसको अपने पास ही रखो होटेल मे .जब कल रात को साजिद आएगा तो उसको दे देना और तुम अब मेरी इजाज़त के बिना होटेल से बाहर मत जाना.ये फोन भी मुझसे बात करने के बाद तोड़ देना समझ गये.

मैं : ठीक है.

उसके बाद चौहान ने फोन बंद कर दिया और मैने उस फोन को वही तोड़कर फैंक दिया. फिर मैं वापिस होटेल मे आ गया. अब मुझे अगले दिन तक सिर्फ़ इंतज़ार करना था क्योंकि और कोई काम मेरे पास करने को नही था. मैं बाहर भी नही जा सकता था क्योंकि चौहान ने मुझे बाहर जाने से मना किया था. ऐसे ही मैने अगला सारा दिन सिर्फ़ टीवी देख कर और सो कर ही गुज़ारा.

२५

अगली शाम को किसी ने मेरे रूम का दरवाज़ा खट-खटाया तो मैने जल्दी से पहले अपनी पिस्टल निकाली और उसको अपनी कमर के पिछे टाँग लिया और आहिस्ता से दरवाज़ा खोल दिया. सामने साजिद खड़ा था जिसके साथ २ और आदमी थे.

मैं : तुम हो... कल कहाँ चले गये थे.कुछ बताया भी नही.

साजिद : भाई चौहान साहब का औरडर था कि अगर वो लोग कुछ नाटक करे तो पैसे वही छोड़कर चले जाना.

मैं : ठीक है

साजिद : भाई वो दोनो बॅग कहाँ है.

मैं : (उंगली से इशारा करते हुए) बेड के नीचे पड़े है निकाल लो.

साजिद : (झुक कर बेड के नीचे देखते हुए) ठीक है.... भाई आप जल्दी से तैयार हो जाओ अभी निकलना है.

मैं : अब कहाँ जाना है.

साजिद : (दोनो बॅग बाहर निकलते हुए)भाई वो लोग जिनका ये माल है वो उस आदमी का चेहरा देखना चाहते हैं. जिसने उनका माल लूटा था और उनके लोग मारे थे.

मैं : मतलब मुझे... कुछ गड़-बॅड तो नही होगी.

साजिद : भाई फिकर मत करो आपके ही पुराने साथी हैं आपको क्या होना है. वैसे भी ख्वाजा साहब का माल हर कोई नही लूट सकता.

मैं : तो क्या मैं अब ख्वाजा साहब से मिलने वाला हूँ.

साजिद : नही भाई अभी तो आपको बस लाला भाई और गानी भाई ही मिलेंगे.

मैं : ठीक है... जाना कहाँ है?

साजिद : आपके पुराने क्लब मे जाना है भाई! !

मैं : ठीक है !

उसके बाद मैं जल्दी से बाथरूम मे गया और तैयार हो के बाहर आ गया. फिर मैं साजिद और बाकी वो २ लोग कार मे बैठ कर निकल पड़े. कुछ देर बाद कार पार्किंग वाली जगह पर रोक दी गई और हम सब बाहर निकल आए. साजिद मुझे एक अजीब सी जगह लेके गया जहाँ बहुत तेज़ म्यूज़िक बज रहा था. हमे वहाँ खड़े २ लोगो ने दूसरे गेट से अंदर जाने का इशारा किया .तो हम लोग दूसरी तरफ से अंदर चले गये. वहाँ गेट पर हम सबकी अच्छे से तलाशी ली गई और मेरी पिस्टल वही बाहर ही निकाल ली गई. अब मुझे सच मे डर लग रहा था, क्योंकि अब हम मे से किसी के पास भी हथियार नही थे. बढ़ते हुए हर कदम के साथ मेरे दिल की धड़कन भी बढ़ रही थी. लेकिन साजिद एक दम खुश और बहुत सुकून से मुस्कुराता हुआ चल रहा था जैसे कुछ हुआ ही ना हो. हम लोगो के पिछे ४ लोग गन्स लिए चल रहे थे उन्होने हमे एक कॅबिन मे बिठा दिया जिसके सामने वाली कुर्सी खाली पड़ी थी. हम चारो अपने सामने पड़ी कुर्सियो पर बैठ गये. मैं कमरे को देखने लगा जो काफ़ी शानदार तरीके से सजाया गया था .उसकी हर चीज़ काफ़ी कीमती लग रही थी. तभी साजिद की आवाज़ आई...

साजिद : भाई अब सब आपके उपर ही है.संभाल लेना.

मैं : भोसडीके वो जो बाहर तेरा बाप खड़ा था उसने मेरी पिस्टल ले ली हैं. अब इनको क्या मैं टेबल कुर्सी से संभालूँगा चूतिये....

साजिद : भाई आपके हाथ जोड़ता हूँ यहाँ हाथ मत उठाना नही तो बहुत समस्या हो जाएगा. हम मे से कोई भी ज़िंदा बाहर नही जाएगा.

मैं : तो साले यहाँ मेरी क्या क़ुर्बानी देने के लिए लाया है मुझे.

तभी पिछे से कॅबिन का गेट खुला और ५-६ लोग अंदर आए जिन्होने हम सबके सिर पर बंदूक तान दी इसलिए हम सब लोग हाथ उपर करके अपनी-अपनी जगह से खड़े हो गये. मैं अभी सोच ही रहा था कि इनको कैसे संभालू कि तभी दुबारा कॅबिन का दरवाज़ा खुला और २ और लोग अंदर आ गये. इनको मैं पहले देख चुका था ये लाला और गानी थे जो ख्वाजा के होटेल्स और क्लब्स संभालते थे. वो दोनो शायद भाग कर आए थे इसलिए उनकी साँस फूली हुई थी. आते ही वो दोनो मुझे बड़े गौर से देखने लगे और मेरे पास आके मेरे सिर पर लगी बंदूक को झटके से उधर कर दिया और जिसने मेरे सिर पर बंदूक तान रखी थी उसको थप्पड़ मार कर गालियाँ देने लगे....

गानी : भोसडीके इतना भी नही पता अपने लोगो पर बंदूक नही तानते ये तो अपना भाई है उस्मान (मुझे गले लगाते हुए)

लाला : (मेरे कंधे पर हाथ रखते हुए) ओये तू कहाँ था यारा. इतने वक़्त से हम सब ने तुझे कितना ढूँढा. करीम तो तेरे पिछे पागल सा हुआ पड़ा था.ख्वाजा साहब भी परेशान हो गये थे.हमने तो सोचा तू मर गया होगा.

गानी : क्या हुआ यार ? तू हम को ऐसे क्यो देख रहा है.

साजिद : मैने अपना वादा पूरा किया अब माल मैं रख सकता हूँ.

लाला : ओये तू नही जानता तूने हम को हमारी ताक़त दे दी है .जा रख ले ख्वाजा साहब का इनाम समझ कर.

गानी : साजिद रुक ओये... तूने बताया नही हमारा माल लूटने की हिम्मत किसने की थी.

मैं : मैने....

लाला : ओये तूने.... वही मैं सोच रहा था ये शेर का शिकार कौन खा गया.

मैं : शेर का शिकार सिर्फ़ उस्मान ही खा सकता है.

गानी : सच कहा यार तूने....लेकिन यार तू इतने वक़्त तक था कहाँ पर.

साजिद : भाई जान इनको पिछला कुछ भी याद नही है. याददाश्त एक दम साफ हो चुकी है.

लाला : तुझे ये मिला कहाँ पर ये बता.

मैं : कुछ महीने पहले मैं एक ग़रीब किसान को मिला था. अधमरी और ज़ख्मी हालत मे जिन्होने ना सिर्फ़ मुझे बचाया बल्कि मेरी मरहम पट्टी भी की. मगर जब तक मुझे होश आया तो मुझे कुछ भी याद नही था. (मैने उनको वही बताया जो चौहान ने मुझे कहने को बोला था)

गानी : यार कहाँ रहता है वो ग़रीब किसान. हम को बता उसका घर भर देंगे नोटो से जिसने हमारे यार हम को लौटा दिया .उसकी ७ पुश्तो को काम नही करना पड़ेगा.

साजिद : वो अब इस दुनिया मे नही रहे भाई जान. इसलिए ये शहर आए थे काम की तलाश मे.मेरे एक आदमी ने इनको पहचान लिया तो हमने इनको अपने साथ काम पर लगा लिया.

लाला : (साजिद को धक्का देते हुए) ओये भोसडीके तुउउउ काम देगा उस्मान को... साले औकात क्या है तेरी... २ टके का डीलर है. गानी ठोक दे इस मादर जात को.

साजिद : (लाला के पैर पकड़ते हुए) माफी भाई जान ! मैं तो बस इनको आप तक ही पहुँचाना चाहता था और कुछ नही.

गानी : तेरा मकसद नेक़ था लेकिन तूने हमारा माल लूटने की और हमारे आदमी मरवाने की ग़लती कैसे की. इसको तो कुछ याद नही है लेकिन तू तो सब जानता था ना.

लाला : (मुझे कॅबिन से बाहर लेके जाते हुए) चल आ भाई तुझे तेरी असल जगह दिखाऊ. इसको गानी संभाल लेगा.

मैं : पहले इसको जाने दो. इसने कुछ नही किया.उन लोगो को मैने मारा था.

गानी : ठीक है भाई ! तू कहता है तो माफ़ किया (साजिद को लात मारते हुए) चल भाग जा भोसड़ी के और दुबारा नज़र मत आना मुझे... इस बार तू उस्मान की वजह से बच गया. अगली बार हमारे माल पर हाथ डालने के बारे मे सोचा भी याद रखना जो बख्शना जानते हैं वो जान लेना भी जानते हैं.

साजिद : (मेरे पैर पकड़ते हुए) आपका बहुत-बहुत शुक्रिया उस्मान भाई.

मैं : चल जा यहाँ से.

लाला : यार गानी तू उस्मान को लेके चल. मैं ये खुश खबरी अभी सबको देके आता हूँ.

उसके बाद मैं ओर गानी कॅबिन के बाहर क्लब मे उपर आ गये. जहाँ एक काँच के ग्लास से नीचे का तमाम नज़ारा दिखाई दे रहा था. मैं उस काँच के पास खड़ा होके नीचे नाचते लड़के-लड़कियो को देखने लगा जो म्यूज़िक की रिदम पर थिरक रहे थे.

गानी : (शराब का ग्लास मेरी तरफ करते हुए) ये ले भाई तेरे मिलने की खुशी मे

मैं : नही शुक्रिया मैं पीता नही हूँ.

गानी : (हैरान होते हुए) ओये मेरे दारू के टँकर ! तेरी तबीयत तो ठीक है .तू तो कूरली भी दारू से करता था तुझे क्या हो गया यार.

मैं : मुझे कुछ याद नही है और मैं जब से ठीक हुआ हूँ तब से मैने दारू को हाथ तक नही लगाया. इसको पीना तो दूर की बात है.

गानी : ठीक है भाई तेरी मर्ज़ी.... वैसे क्या देख रहा है नीचे.... कोई पाटोला (सुंदर लड़की) पसंद आया है तो बता उठा लेते हैं साली को.... (मेरे कंधे पर हाथ मारकर हँसते हुए)

मैं : नही यार मैं तो ऐसे ही देख रहा था (मुस्कुराते हुए)

तभी लाला भी वहाँ आ गया.

लाला : बता मेरे यार क्या सेवा करे तेरी... ओये तेरा हाथ अभी तक खाली है. यार गानी दारू दे भाई को.... इतनी मुद्दत बाद अपने ग़रीब खाने मे आया है उस्मान.

गानी : (ना मे सिर हिलाते हुए) साहब ने छोड़ दी है यार

लाला : हैंन्न्न्..... ओये साची... ज़रा मुँह इधर करना उस्मान...हाहहहहाहा

मैं : हाँ मैं दारू नही पीता

लाला : भाई शेर खून ना पीए तो हम मान सकते हैं. लेकिन उस्मान दारू ना पिए ये बात तो हमारी भी समझ से बाहर है... क्या यार उस बूढ़े ने हमारे यार का बेड़ा-गर्क कर दिया है.

मैं : दुबारा उस बुजुर्ग के लिए कभी ग़लत लफ्ज़ मत निकालना.... उस इंसान ने मुझे नयी जिंदगी दी है समझे...

गानी : अर्रे यार गुस्सा क्यो होता है भाई. लाला तो मज़ाक कर रहा था. चल अब नही बोलेगा जाने दे... माफ़ कर दे यार.

लाला : (कान पकड़ कर उठक-बैठक निकालते हुए) लेह भाई बसस्सस्स

तभी एक आदमी वहाँ आया और उसने गानी के कान मे कुछ कहा ओर चला गया.

गानी : यार उस्मान तुझे करीम और सूमा बुला रहे हैं.

मैं : कहाँ पर...

गानी : वही.... यार तेरी पुरानी मन-पसंद जगह पर और कहाँ....

लाला : तू भी ना गानी यार उसको कुछ याद नही है और तू लगा है अपनी चावल मारने. (मेरी बाजू पकड़ते हुए) चल भाई मैं तुझे लेके चलता हूँ.

मैं : ठीक है चलो. लेकिन यार मेरी गन तो वापिस कर दो तुम्हारे आदमियो ने तलाशी लेते हुए निकाल ली थी. (हँसते हुए)

गानी : अर्रे यार इतनी सी बात ये ले तू मेरा घोड़ा (गन) रख ले. मैने कल ही नया खरीदा है.अगर पता होता तू आ रहा है तो तेरे लिए भी एक ऐसी मंगवा लेता.

मैं : नही यार तूने अपने लिए मँगवाई है तो मैं ये नही ले सकता इसको तू ही रख.

गानी : अर्रे यार क्या लड़की जैसे नाटक कर रहा है. ये ले रख चला के देखना एक दम माखन है माखन. रेपिड फायर है.

जर्मन ऑटोमॅटिक १२ राउंड है जब तक सामने वाले की एक गोली निकलेगी तेरी ६ गोलियाँ निकल चुकी होंगी.... ये ले रख (ज़बरदस्ती मेरी बेल्ट मे फसाते हुए)

मैं : शुक्रिया गानी भाई....

गानी : ओये ये शरीफो के चोंचले कहाँ से सीख कर आया है. यार चल इधर आ यारो को शुकरिया ऐसे बोलते हैं... (मुझे गले लगाते हुए)

लाला : अगर तुम्हारा लैला मजनू का रोमॅन्स ख़तम हो गया हो तो हम लोग चलें.

मैं : हाँ...हाँ...चलो....

२६

मैं और लाला दोनो कार मे बैठ कर निकल पड़े. कुछ ही देर मे लाला मुझे आबादी से निकाल कर ऐसी जगह ले गया जहाँ ना तो कोई ऊँची बिल्डिंग थी ना हो कोई चका-चोंध थी. रास्ता एक दम सुनसान था अंधेरी रात अपने पूरे शबाब पर थी. सिर्फ़ हेड लाइट ही थी जिसकी रोशनी से हमे सामने का नज़र आ रहा था वरना आस-पास कही कोई आबादी नही थी इसलिए मुझसे रहा नही गया और मैने पूछ लिया...

मैं : लाला हम कहाँ जा रहे हैं?

लाला : भाई तुमको बताया तो था कि करीम और सूमा भी तुझसे मिलना चाहते हैं.

मैं : और कितना दूर है....

लाला : बस १५ मिनिट आँख बंद करके बैठ और समझ पहुँच ही गये (गाड़ी की स्पीड बढ़ाते हुए)

कुछ ही देर मे गाड़ी अपनी फुल स्पीड पर थी. ऐसा लग रहा था जैसे गाड़ी दौड़ नही रही बल्कि उड़ रही हैm लाला एक दम मेरे जैसे गाड़ी चला रहा था. शायद इसलिए मुझे भी ऐसी तेज़ गाड़ी चलाने की आदत थी. लाला ने १५ मिनिट से भी कम वक़्त मे एक बस्ती मे गाड़ी को घुसा दिया. जहाँ गलियाँ बेहद तंग थी लोग सड़को पर ही बैठ कर अपना समान बेच रहे थे. लाला को और मुझे देख कर सब लोग हैरान हो रहे थे और हाथ उठा कर मुझे सलाम कर रहे थे .मुझे बार-बार सबके सलाम का जवाब देना पड़ रहा था, इसलिए जब तक गाड़ी उस गली से गुज़रती रही मैने अपना हाथ हवा मे उठा कर ही रखा. कुछ ही देर मे एक ऐसी जगह लाला ने गाड़ी रोक दी जो बाहर से देखने मे किसी गॉडाउन जैसा लग रहा था लेकिन अंदर से बहुत शोर आ रहा था. मैं बड़े गौर से उस जगह को देखने लगा मुझे जाने क्यो वो जगह मुझे जानी-पहचानी सी लग रही थी.

मैं : लाला ये कौनसी जगह है...

लाला : चल भाई तुझे मर्दो वाला खेल दिखाता हूँ (कार रोकते हुए)

मैं : (कार का गेट खोलते हुए) चल....

उसके बाद मैं और लाला उस जगह के अंदर चले गये. वहाँ बहुत ज़्यादा भीढ़ थी यहाँ तक कि सही से खड़े होने की भी जगह नही थी.लोग एक दूसरे पर चढ़ रहे थे इतना बूरा हाल था.तभी लाला ने अपनी जेब से फोन निकाला और किसी को फोन किया....

लाला : हल्लो....भोसडीके ! बुलाने से पहले ये तो बता देता कि यहाँ दबा के मारना है हम को....

लाला : हाँ साथ ही आया है...यार कहाँ से आएँ यहाँ पैर रखने की जगह नही है....

लाला : साला इसी लिए मैं यहाँ आता नही हूँ....

लाला : अच्छा ठीक है....

लाला : ओके भाई ५ मिनिट मे मिलते हैं बस

उसके बाद उसने फोन काट दिया.....

लाला : चल भाई उस्मान. इसके बीच मे से ही निकलना पड़ेगा.... जानता है तेरी और करीम की ये मनपसंद जगह है. तुम दोनो सारा दिन यही पड़े रहते थे.... (हँसते हुए) यार तू यहाँ सारा दिन रहता कैसे था मुझे तो ये समझ नही आ रहा. ये भीढ़ मे निकलते हुए मेरी तो जान निकल जाएगी. तू पता नही कैसे जाता था.

लाला की ये बात सुनकर जाने मुझे ऐसा क्यो लगा कि मैं पहले भी हवा मे फायर निकाल कर रास्ता साफ कर चुका हूँ .इसलिए मैने फॉरन लाला से कह दिया...

मैं : तू बोले तो रास्ता मैं साफ करूँ....

लाला : (हैरान होते हुए) कैसे....

मैं : (अपनी गन निकालते हुए) तू बस देखता जा...

मैं उस गेट के सामने जाके खड़ा हो गया और सब लोग शोर मचा रहे थे. कोई जाने का रास्ता नही दे रहा था मैने २-३ बार आवाज़ लगाई लेकिन कोई नही सुना. इसलिए मैने गन को हवा मे उपर उठाया और एक फायर निकाल दिया. सबकी नज़र पिछे मेरी तरफ देखने लगी और मुझे देखते ही सब ने हाथ उठा कर उस्मान.... उस्मान.... उस्मान.... करने लगे और मेरे लिए रास्ता छोड़ दिया. मैने पलटकर लाला की तरफ देखा और बस मुस्कुरा दिया. जवाब मे वो भी मुझे देख कर मुस्कुराया और मेरे कंधे पर थपकी मारते हुए मुझे शाबाशी देने लगा. उसके बाद मैने जैसे ही चलना शुरू किया वहाँ पर कुछ लोगो ने हवा मे अपनी बंदूके तान ली और गोलियाँ चलानी शुरू कर दी साथ सारी भीढ़ मेरे नाम का नारा बुलंद करने लगी. मैं और लाला जब आगे गये तो सामने मुझे एक बड़ा सा पिंजरा नज़र आया जिसमे २ लोग आपस मे लड़ रहे थे. आगे जाते ही मेरे और लाला के लिए वहाँ बैठे लोगो ने कुर्सियाँ खाली करदी और सब लोग वहाँ मेरा हाल-चाल पूछने लगे. हम दोनो वहाँ कुर्सी पर बैठ कर उन दोनो लड़ने वाले आदमियो का मॅच देखने लगे. जाने क्यो मुझे यहाँ आके एक अजीब सी खुशी हो रही थीmजैसे मुझे गाँव जाते खुशी होती थी. मुझे ऐसा लग रहा था जैसे मैं अपने घर ही आ गया हूँ.

मैं कुर्सी पर आराम से बैठा था कि इतने मे एक घंटी की टॅनन्न की आवाज़ से फाइट शुरू हो गई. सब लोगो ने दोनो फाइटर्स पर अपना दाव लगाना शुरू कर दिया. मैं बड़े गौर से दोनो फाइटर्स को देख रहा था जो घंटी की आवाज़ से ही एक दूसरे पर टूट पड़े थे और लड़ना शुरू हो गये थे. कुछ देर फाइट ऐसे ही चलती रही तभी फाइट के बीच मे पिछे से मेरे कंधे पर किसी ने हाथ रखा. मैने पलट कर देखा तो ये करीम था जैसा की मुझे चौहान ने बताया था की इस पूरे गैंग मे यही मेरा सबसे जिगरी दोस्त था. मैं उसको देखते ही फॉरन अपनी कुर्सी से खड़ा हो गया और उसको मुस्कुरा कर देखने लगा. वो बिना कुछ बोले मुझे गौर से देख रहा था. वो मुझे देखकर रो भी रहा था और मुस्कुरा रहा था और फिर उसने मुझे अपनी तरफ खींच कर गले से लगा लिया.

करीम : (रोते हुए ओर मुस्कुराकर) भाई तू कहाँ चला गया था यार. तुझे कितना ढूँढा मैने.

मैं : बस यार क्या बताऊ जाने दे बहुत लंबी कहानी है फिर कभी बताऊंगा.

करीम : उस्मान तू यहाँ क्यो बैठा है चल उपर आजा अपने ऑफीस मे वहाँ से फाइट देखेंगे.

मैं : (लाला को देखते हुए) चल लाला चलते हैं.

उसके बाद हम तीनो वहाँ से उठे और सीढ़िया चढ़ते हुए एक आलीशान से कमरे मे आ गये जिसकी सामने की पूरी दीवार किसी काँच के ग्लास की बनी थी.जिससे हम आर-पार देख सकते थे. मैं कॅबिन मे घुसते ही ग्लास के पास जाके खड़ा हो गया और नीचे हो रही फाइट देखने लगा. उपर से नीचे का नज़ारा और भी शानदार दिखाई दे रहा था. तभी मुझे करीम की आवाज़ आई.

करीम : उस्मान भाई यहाँ क्यो खड़ा है ये ले ये टी.वी मे लाइव फाइट देख ले. (बड़ा सा टीवी ऑन करते हुए)

मैं : (पलटकर टीवी मे देखते हुए) ये तो और भी साफ नज़र आ रहा है.

करीम : भाई अब तू बैठ कर फाइट देख. मैं थोड़ा काम कर लूँ (परेशान होते हुए)

उसके बाद वो लोग बैठकर बाते करने लगे और मैं बैठा आराम से टीवी मे फाइट देखने लगा. फाइट ख़तम होते ही कुछ लोग करीम के कॅबिन मे आ गये और आते ही १ आदमी ने ज़ोर-ज़ोर से हँसना शुरू कर दिया. मैने नोट किया कि उन लोगो के आने से करीम कुछ और ज़्यादा परेशान हो गया था.

उनमे से एक आदमी करीम से : करीम भाई तेरा फाइटर आज फिर से हार रहा है.

करीम : छोड़ ना यार साली तक़दीर ही खराब है (कुछ काग़ज़ के टुकड़ो को फाड़ते हुए)

मैं : क्या हुआ करीम परेशान लग रहा है भाई

करीम : कुछ नही यार ये तो चलता रहता है. तू आराम से फाइट देख मैं थोड़ी देर मे आता हूँ. लाला इसका ख्याल रखना.

लाला : (हाथ हिलाते हुए) ओके....

मैं : क्या हुआ लाला ये परेशान क्यो लग रहा था सब ठीक तो है.

लाला : कुछ नही यार इसने अपना बेड़ा-गर्क खुद किया है. कितनी बार बोला है कि ये फाइट क्लब इसके बस का नही है. इस धंधे को छोड़कर मेरे साथ क्लब मे आ जाए लेकिन ये मानता ही नही.

मैं : ये बता समस्या क्या है.

लाला : होना क्या है यार अभी जो लोग आए थे ना उनके साथ इसकी बेट्टिंग चलती है. करोड़ो रूपिया दाव पर लगता है और हर बार इसका फाइटर हार जाता है. करीम इस वक़्त काफ़ी लॉस मे चल रहा है .अब अगले हफ्ते बाबा को हिसाब देना है बस इसलिए ये परेशान है.

मैं : क्या हम करीम की मदद नही कर सकते.

लाला : (अपनी कुर्सी मेरे पास करते हुए) मेरी जान अभी तो तू आया है इतनी जल्दी ये सब पंगे मे मत पड़ तू बस ऐश कर यार.

मैं : लेकिन यार जब मैं था तब भी क्या ये फाइट क्लब ऐसे ही लॉस मे चलता था?

लाला : नही यार जब तू था.... तब तो यही बाबा का टॉप बिजनेस होता था. उस वक़्त यहाँ सब अच्छा था लेकिन आज तेरे ही बनाए हुए सब फाइटर इकबाल के लिए काम करते हैं और उसकी तरफ से फाइट करते हैं. इसलिए तो करीम के पास लड़ने के लिए स्ट्राँग फाइटर नही है.

मैं : ये इकबाल कौन है.

लाला : वही बंदा जो अभी हँस रहा था पागलो की तरह.

मैं : (हाँ मे सिर हिलाते हुए) ठीक है... अच्छा मुझे फाइट के रूल्स बता .मेरे पास एक फाइटर है.

लाला : (ज़ोर से हँसते हुए) रूल्स कौनसे यार.... कोई रूल नही है. जब तक सामने वाला फाइटर अपने पैरो पर खड़ा होने लायक है.तब तक फाइट चलती रहती है.

मैं : (हाँ मे सिर हिलाते हुए) समझ गया... एक काम कर इकबाल को बोल एक और फाइट रख ले और यहाँ के मशहूर फाइटर को बुला ले जो भी उसके पास है.

लाला : (हैरानी से मुझे देखते हुए) भाई तू क्या करने वाला है.

मैं : हिसाब बराबर करने का वक़्त आ गया है.

लाला : (परेशान होते हुए और साथ ही फोन उठा कर किसी को फोन लगाते हुए) जल्दी उपर आ यार उस्मान को कुछ समस्या है...

उसके बाद कुछ देर कॅबिन मे खामोशी छाई रही और थोड़ी देर मे करीम उपर आ गया.

करीम : हाँ क्या हुआ

लाला : उस्मान भाई जान कुछ फर्मा रहे हैं.

करीम : (सवालिया नज़रों से मुझे देखते हुए) क्या बात है उस्मान....

मैं : इकबाल को बोल अपने बेस्ट फाइटर को लेके आए आज यहाँ फिर से फाइट होगी.

करीम : नही यार पहले ही बहुत पैसा हार चुका हूँ.बाबा मेरी जान ले लेंगे अगर उनको पता चल गया तो....

मैं : मुझे पर ऐतबार है तो फाइट रख ले तुझे हारने नही दूँगा.

करीम : तुझ पर तो जान से ज़्यादा ऐतबार है यार लेकिन ये तो बता फाइटर कौन है.

मैं : रिंग मे देख लेना... अभी जितना बोला है उतना कर.

उसके बाद करीम कुछ देर मेरे सामने खामोश खड़ा कुछ सोचता रहा और फिर बिना कुछ बोले वापिस नीचे चला गया और कुछ देर बाद उसके साथ इकबाल और उसके आदमियो के साथ दुबारा उपर आ गया.

इकबाल : (मुझसे हाथ मिलाते हुए) क्या हाल है उस्मान भाई. आपका नाम बहुत सुना था दर्शन पहली बार हुए हैं.

मैं : जनाब आज की एक फाइट और रख लेते हैं

इकबाल : आपका हुकुम सिर आँखो पर. लेकिन बाबा का हुकुम है कि यहाँ हफ्ते मे एक ही फाइट होगी. दूसरी फाइट की इजाज़त नही है मुझे बाबा से पूछना पड़ेगा.

मैं : बाबा से पूछने की ज़रूरत नही है.जब मैं कह रहा हूँ तो गारंटी भी मेरी है.

इकबाल : वो तो ठीक है ! लेकिन दाव पर क्या लगाओगे आप लोगो का आज का कलेक्शन तो करीम हार चुका है (मुस्कुराते हुए)

मैं : अगर मैं हार गया तो मैं सामने बैठा हूँ तुम्हारे. जो चाहे कर सकते हो लेकिन अगर जीत गया तो मेरे जीतने के बाद तुमने जो भी करीम से जीता है सब वापिस करना पड़ेगा.

इकबाल : (हँसते हुए) मैं इतना चूतिया लगता हूँ क्या जो एक जान का सौदा करोड़ो मे करूँगा.

करीम : (बीच मे बोलते हुए) अगर हम ये फाइट हार गये तो हमारा फाइट क्लब आपका.

इकबाल : ये हुई ना मर्दो वाली बात मुझे मंज़ूर है.

लाला : घंटा मंज़ूर है.... तुम दोनो पागल तो नही हो गये हो. इतना बड़ा दाँव खेल रहे हो वो भी बाबा से इजाज़त लिए बगैर.

करीम : जो होगा मैं देख लूँगा मुझे मेरे यार पर आज भी पूरा ऐतबार है (मेरे कंधे पर हाथ रखते हुए)

लाला : तुम दोनो पागल हो गये हो करीम . एक बार फिर सोच ले बहुत लफडा हो जाएगा.

मैं : कुछ नही होगा ! भरोसा कर मुझ पर

लाला : (सिर झटकते हुए) तुम जो मर्ज़ी करो लेकिन याद रखना कुछ पंगा हुआ तो बाबा को जवाब तुम दोनो दोगे. मैने बोल देना है कि मैने मना किया था तुम दोनो को.

करीम : ठीक है.... जो होगा देखा जाएगा (मुस्कुराते हुए)

इकबाल : ठीक है फिर स्पेशल फाइट है तो स्पेशल रिंग भी होना चाहिए क्या कहते हो...

करीम : स्पेशल रिंग ही होगा इकबाल भाई (मेरी तरफ मुस्कुरा कर देखते हुए)

उसके बाद इकबाल वहाँ से चला गया और मैं और करीम नीचे रिंग मे चले गये जहाँ हमने एक स्पेशल फाइट अनाउन्स कर दी. जिसके जवाब मे वहाँ के लोगो ने शोर मचा कर अपनी खुशी का इज़हार किया. उसके बाद करीम अपने लोगो को कुछ समझाने चला गया और मैं वापिस उपर कॅबिन मे आके बैठ गया. आते ही लाला फिर से मेरे पास आ गया और मुझे समझाने मे लग गया.

लाला : एक बार फिर सोच लो. तुम बहुत जल्दबाज़ी कर रहे हो. कुछ समस्या ना हो जाए.

मैं : कुछ नही होगा ! फिकर मत कर.

लाला : लेकिन तुम जिस फाइटर पर इतना बड़ा दाँव खेल रहे हो वो फाइटर हैं कौन ?

मैं : (मुस्कुराकर) ले मिल ले फिर... फाइटर तेरे सामने बैठा है.

लाला : (हड-बडाकर खड़ा होते हुए) उस्मान तेरा दिमाग़ तो ठीक है .तू अभी इतनी बड़ी बीमारी से वापिस आया है.... नही...नही.... तू रहने दे तू इन फाइटर्स का मुक़ाबला नही कर पाएगा और वैसे भी करीम भी तुझे लड़ने की इजाज़त नही देगा.

मैं : तू फिकर मत कर कुछ नही होगा .मैं हूँ ना सब संभाल लूँगा और अपने यार को इतना कमज़ोर मत समझ....अपन ही जीतेंगे.... आज साला चंगेज़ खान भी क्यो ना आ जाए साला अपने पैरो पर चलकर नही जाएगा.

लाला : देख ! तू हमारा यार है इसलिए रोक रहे हैं. हमारा काम पैसा लगाना है.खुद रिंग मे उतरकर लड़ना नही है.

मैं : क्या मैने पहले कभी फाइट नही की इस रिंग मे?

लाला : की है यार बहुत फाइट की है और आज तक तू कभी हारा भी नही लेकिन पहले और अब मे बहुत फरक है . अब तो तुझे कुछ याद भी नही है तू कैसे लड़ेगा उसके फाइटर के साथ.

मैं : (कुछ सोचते हुए) अभी फाइट मे बहुत वक़्त है.... एक काम कर अगर मेरी पुरानी फाइट की कोई वीडियो पड़ी है तो लेके आ मैं देखना चाहता हूँ.

लाला : अच्छा अभी लाता हूँ

उसके बाद मैं अकेला कॅबिन मे बैठा था इसलिए वापिस शीशे के पास आके नीचे देखने लगा जहाँ करीम के तमाम लोग लगे हुए थे नया रिंग तैयार करने मे. मैं बस यही सोच रहा था कि मैने लड़ने के लिए हाँ तो बोल दिया है लेकिन क्या मैं लड़ भी सकता हूँ या नही. अंदर से मुझे भी डर लग रहा था लेकिन इन लोगो के दिल मे जगह बनाने का मेरे पास इससे अच्छा मोक़ा नही था. इसलिए मैने लड़ाई के लिए हाँ बोल दिया था. कुछ ही देर बाद लाला वापिस आया उसके हाथ मे एक बड़ा सा कार्टन था. जिसमे बहुत सी सी.डी पड़ी थी.

लाला : ले भाई तेरा काम कर दिया है.आज तक तूने जितनी भी फाइट लड़ी है, उन सब की वीडियो फुटेज इसमे मोजूद है. आराम से बैठ कर देखता रह.

मैं : ठीक है

लाला : और कुछ चाहिए....

मैं : (ना मे सिर हिलाते हुए) शुक्रिया.

उसके बाद मैं वो कार्टन मे से वीडियो सीडी निकाल कर प्लेयर मे लगाने लगा ओर अपनी पुरानी जिंदगी को याद करने की कोशिश करने लगा. लेकिन अफ़सोस मुझे कुछ भी याद नही आ रहा था इसलिए मैं बस अपने दाव-पेच ही गौर से देखने लगा जो शायद मेरी फाइट मे काम आ सकते थे. मुझे नही पता था कि ये दाव- पेच मेरे किसी काम भी आ सकते हैं या नही लेकिन फिर भी मैं इस फाइट को जीतने के लिए सब को बड़े गौर से देख रहा था. उसके बाद फाइट शुरू होने का वक़्त आ गया. नीचे लोगो की भीढ़ भी बढ़ने लगी थी और सब तैयारियाँ भी मुकम्मल हो चुकी थी रिंग भी तैयार था और इकबाल का फाइटर और इकबाल भी नीचे आ चुके थे. लेकिन मैं अभी तक उन्ही वीडियो फुटेज को ही देख रहा था तभी लाला कॅबिन मे आ गया.

लाला : भाई सब कुछ रेडी है.

मैं : हाँ चलो मैं भी रेडी हूँ.

लाला : यार एक बात फिर सोच ले.तुझे ये फाइट लड़ने की कोई ज़रूरत नही है

मैं : ज़रूरत है लाला अपने लिए नही अपने यारो के लिएm आज उस्मान लड़ेगा और ना सिर्फ़ लड़ेगा बल्कि जीतेगा भी.

लाला : (मुझे गले लगाते हुए) कौन बोलता है तू पहले जैसा नही रहा.

उसके बाद मैने अपनी शर्ट उतार दी और सिर्फ़ जीन्स पेंट पहना हुआ सीढ़ियो से नीचे उतर गया. तब तक इकबाल का फाइटर भी रिंग मे आ चुका था जो इस रिंग का अब पसंदीदा बन चुका था और एक भी फाइट नही हारा था. मेरे नीचे उतरते ही रेफ़री ने मेरा नाम पुकारा जिस पर सब लोग ने हाथ हवा मे उठा कर मेरे नाम का नारा बुलंद कर दिया. लाला मेरे पिछे मेरा नाम पुकारते हुए आ रहा था लेकिन मुझे करीम कहीं भी नज़र नही आ रहा था. मेरी नज़रे चारो तरफ करीम को ढूँढ रही थी इसलिए मैने लाला को इशारे से करीम के बारे मे पूछा तो उसने रिंग के अंदर इशारा किया. उसके बाद मैं बिना कोई जवाब दिए रिंग की तरफ बढ़ गया जहाँ इकबाल और इकबाल का फाइटर मोजूद थे. मेरे रिंग के पास आते ही करीम मेरे पास आके खड़ा हो गया और मेरा एक हाथ पकड़ कर हवा मे उपर उठा दिया....

करीम : भाई आज दिखा दे पुराना उस्मान....

मैं : (मुस्कुरा कर करीम को गले लगाते हुए) कोशिश करूँगा...

उसके बाद मैं रिंग के अंदर चला गया. जहाँ इकबाल का फाइटर मेरे सामने आके खड़ा हो गया. वो क़द मे और शरीर मे मुझसे लग-भग दोगुना था लेकिन फिर भी वहाँ पर मोजूद तमाम लोग उस्मान...उस्मान....उस्मान..... नाम पुकार रहे थे जिससे मुझे बहुत होसला मिल रहा था.

फाइटर : इकबाल साहब ये लड़ेगा मेरे साथ.

इकबाल : हाँ भाई क्या करें कुछ लोगो को शहीद होने का शाँक होता है.

फाइटर : (हँसते हुए) लोगो ने तुझे शेर बोला और तू आ गया पिंजरे मे मरने के लिए, आज तो इस शेर की भी क़ुर्बानी होगी....

मैं : (हँसते हुए) हाथी कितना भी बड़ा हो जाए शेर का शिकार नही कर सकता मुन्ना और वैसे भी क़ुर्बानी बकरे की दी जाती है शेर की नही. शेर अपनी खुराक खुद ढूँढ लेता है.

फाइटर : देखते हैं आज कौन किसको खुराक बनता है .तेरे जैसे कितने ही आए और धुंल चाट कर चले भी गये. लेकिन मैं वही का वही खड़ा हूँ.

मैं : तू खड़ा है क्योंकि तेरा उस्मान से सामना नही हुआ था. आज तेरा ये खड़े रहने का वेहम भी दूर हो जाएगा क्योंकि फाइट के बाद तू खड़ा होना तो दूर की बात है. कीड़े की तरह रेंगने लायक भी नही बचेगा.

उसके बाद इकबाल और करीम रिंग से बाहर चले गये और रेफरी हम दोनो का नाम एलान करने के बाद वो भी रिंग से बाहर चला गया. अब रिंग का दरवाज़ा बाहर से बंद हो गया था और मैं घंटी बजने का इंतज़ार करने लगा तभी उपर से पानी बरसने लगा जैसे बारिश हो रही हो. मैने सिर उठा कर उपर देखा तो उपर बहुत सारे फुव्वारे लगे हुए थे जिनसे बारिश जैसे पानी निकल रहा था कुछ ही देर मे रिंग की ज़मीन पूरी तरह गीली हो गई. अब मैं और वो फाइटर दोनो रिंग के अलग-अलग कौने मे खड़े थे. तभी घंटी की टॅन से आवाज़ हुई

और वो फाइटर मेरी तरफ भागा और जंप लगाके मेरे उपर कूद पड़ा. उससे बचने के लिए मैने अपनी करवट बदल ली जिससे वो जाके लोहे की जाली से टकरा गया. मैने जल्दी से पलटकर एक टाँग हवा मे उठाई और उसकी पीठ मे मार दी. जब मैं दुबारा उसको टाँग मारने लगा तो वो पलट गया और उसने मेरी टाँग पकड़ ली इससे पहले कि वो कुछ कर पाता मैने अपनी बॉडी का सारा वेट उसी पकड़ी हुई टाँग पर डाल दिया और उसके हाथ पर खड़ा होके उपर को उछल गया साथ ही अपना घुटना उसके मुँह पर मारा जिससे उसकी नाक से खून निकलने लगा.

अब मैं उससे कुछ दूर खड़ा था और उसके अगले हमले का इंतज़ार कर रहा था. वो अपने हाथ से अपना नाक साफ करते हुए फिर से मेरी तरफ गुस्से से बढ़ने लगा. मैने गीली ज़मीन का फ़ायदा उठाया और जल्दी से नीचे ज़मीन पर फिसल गया जिससे मेरी दोनो टांगे उसकी टाँगो के सामने आ गई मैने अपनी एक टाँग उसके घुटने के जोड़ पर ज़ोर से मारी जिससे वो खुद को संभाल नही पाया और मेरे उपर ही गिर गया. मेरे उपर गिरते ही उसने मेरा गला पकड़ लिया और मेरा गला दबाने लगा. मैने काफ़ी कोशिश की लेकिन उसके हाथ की पकड़ काफ़ी मज़बूत थी. उसके गला दबाने से नीचे पड़े पानी से मुझे साँस लेने मे तक़लीफ़ हो रही थी. मैने जल्दी से अपने दोनो हाथ उसके मुँह पर रखे और अपने हाथ की २ उंगालिया उसकी आँखों पर मार दी जिससे कुछ पल के लिए उससे दिखना बंद हो गया. मेरे लिए इतना वक़्त काफ़ी था मैने जल्दी से उसको पलट दिया और खुद उसके उपर आ गया था. अब मैने उसकी एक हाथ से गर्दन पकड़ी और दूसरे हाथ से उसके चेहरे पर मुक्के मारने लगा लेकिन शायद मेरे मुक्को से उसके चेहरे पर कुछ खास असर नही हो रहा था .इसलिए मैने अपनी कोहनी को उसके सिर मे ज़ोर से मारा जिससे उसके सिर से खून निकलने लगा.

मुझे मेरा ये दाव काम का लगा इसलिए मैने बार-बार अपनी कोहनी उसके सिर मे मारनी शुरू करदी. ५-६ बार सिर मे चोट खाने के बाद उसने अपनी दोनो बाजू उपर कर लिए और अपना सिर बचा लिया अब मैने अपनी जगह बदली और उसका पैर पकड़ लिया और उल्टी दिशा मे घुमाने लगा. जिससे शायद उसको इंतेहा दर्द हुआ था इसलिए उसने अपना दूसरा पैर ज़ोर से मेरे पेट मे मारा और मैं दूर जाके गिर गया. मैं फिर से खड़ा हो गया और उसके खड़े होने का इंतज़ार करने लगा .इस बार उसने कुछ वक़्त लिया खड़ा होने मे और लोहे की जाली को पकड़ कर वो फिर से खड़ा हो गया. मैं अब उससे काफ़ी फ़ासले पर था. मैं अब सोच रहा था कि इसको कैसे दुबारा गिराऊ. तभी मुझे वीडियो फुटेज का एक मूव याद आया जो मैने काफ़ी वीडियो मे इस्तेमाल किया था. मैं दूर जाके खड़ा हो गया और किसी जानवर की तरह अपने दोनो हाथो पर और घुटनो पर बैठ गया वो पूरे गुस्से के साथ मेरी

तरफ बढ़ने लगा. वो जैसे ही मेरी तरफ भागा मैं भी नीचे झुक कर भागने लगा और हवा मे उच्छल कर किसी मेंढक की तरह उस पर कूद पड़ा. मेरा कंधा उसके पेट मे लगा जिससे वो वही ज़मीन पर गिर गया. अब मैं उसको उठने नही देना चाहता था. इसलिए जल्दी से उसके पास गया और उसका सिर अपनी दोनो टाँगो मे दबा कर ज़ोर से खींच दिया इससे डेथ लॉक कहा जाता है. वो कुछ देर अपने हाथ-पैर हिलाता रहा लेकिन अब उसकी साँस टूटने लगी थी. मैने जब देखा कि वो एक दम बेजान सा होने लगा है .तो मैने अपनी पकड़ से उसको आज़ाद कर दिया. इस बार वो खड़ा नही हो सकता था काफ़ी देर इंतज़ार करने के बाद भी जब वो खड़ा नही हुआ तो रिंग का गेट खुल गया और करीम और लाला रिंग मे आ गये और मुझे अपने कंधो पर उठा लिया. वो दोनो मेरे जीतने से बहुत खुश थे और बाहर लोगो की भीढ़ सिर्फ़ मेरा ही नाम पुकार रही थी. तभी रिंग मे इकबाल आ गया...

इकबाल : (फीकी हँसी के साथ) मुबारक हो उस्मान भाई

करीम : अब बोलो इकबाल भाई क्या कहते हो... अफ़सोस !!! आपका पैसा और आपका फाइटर दोनो काम से गये. अब अपना अगला पिछला सब हिसाब बराबर.

इकबाल : (अपने माथे से पसीना साफ करते हुए) ठीक है....

उसके बाद इकबाल अपने ज़मीन पर पड़े फाइटर को एक लात मार कर रिंग से चला गया और मेरे दोस्त मेरे आने की और जीतने की खुशी मे लग गये. फिर जैसे ही मैं रिंग से बाहर आया तो वहाँ पर खड़े लोगो ने मुझे उपर उठा दिया और पूरे फाइट क्लब मे मेरा नाम पुकारा जाने लगा. कुछ देर मैं ऐसे ही उन लोगो के साथ अपनी खुशी मनाता रहा फिर उपर से मुझे लाला ने इशारा किया और उपर आने को कहा तो मैं वहाँ के लोगो का शुक्रिया अदा करके वापिस उपर आ गया.

लाला : आजा मेरे शेर ! आज तो तूने कमाल कर दिया. यार तू नही जानता तूने इकबाल को कितना बड़ा लॉस दिया है.

मैं : मैने ये फाइट लॉस या प्रॉफिट के लिए नही दोस्ती के लिए की थी.

करीम : (ग्लास मे शराब डालते हुए) जानता हूँ यार. लेकिन कुछ भी बोल साले इकबाल की शक़ल देखने वाली थी. ऐसा लग रहा था जैसे किसी ने उसकी इज़्ज़त लूट ली हो...

मैं : चल अब जो होना था हो गया. कल से तू यहाँ नये लड़के बुला जिनको मैं फिर से ट्रैनिंग दूँगा.

लाला : लेकिन यार तू कैसे.....

मैं : क्यो मुझे क्या है मैं अगर लड़ सकता हूँ तो लड़ना नही सीखा सकता क्या.

करीम : वो बात नही है !लेकिन पहले तू बाबा से इजाज़त ले लेगा तो बेहतर होगा.

मैं : हाँ !ये बाबा का नाम बहुत सुना है. कौन है ये बाबा इनसे कब मिलूँगा मैं.

लाला : उस्मान बाबा वो है जिन्होने तेरी मेरी हम सबकी परवरिश की है. ये सब कुछ बाबा का ही तो है.

मैं : क्या बाबा जानते हैं मैं वापिस आ गया हूँ.

करीम : मेरे दोस्त जो भी होता है वो सब कुछ बाबा को पता होता है.

मैं : तो मुझे बाबा से भी मिलवाओ !

लाला : अभी नही यार कुछ दिन तू हमारे साथ ही रह. फिर बाबा से भी मिल लेना. क्योंकि अभी बाबा मुल्क़ से बाहर गये हुए हैं.

मैं कुर्सी से बँधा हुआ ही खड़ा हो गया और पांडु को बालो से पकड़ कर उसका सिर कुर्सी पर ज़ोर से मारा जिससे कुर्सी बैठने वाली जगह से टूट गई और पांडु ज़मीन पर अपना सिर पकड़ कर गिर गया. अब सिर्फ़ कुर्सी की आगे वाली टांगे ही मेरी टाँगो से बँधी हुई थी. इतने मे वहाँ बैठे सब लोग खड़े हो गये और मुझे पकड़ने के लिए मेरी तरफ लपके जिनमे से एक को मैने गर्दन से पकड़ कर दूसरे के सिर मे पकड़े हुए आदमी का सिर मारा वो दोनो वही गिर गये. तभी एक आदमी छलाँग लगाके मेरे उपर गिर गया जिससे मैं खुद को संभाल नही सका और मैं भी ज़मीन पर उसके साथ ही गिर गया. मैने जल्दी से उसका एक बाजू पकड़ा और अपनी टाँग के नीचे से निकाल कर टाँग को मोड़ दिया जिससे उसकी गर्दन मेरे घुटने पर आ गई मेरे पैर के साथ कुर्सी की टाँग बँधे होने की वजह से मैं टाँग को मोड़ नही सकता था.इसलिए मैने उसकी गर्दन को अपनी सीधी हुई टाँग पर ही दबा दिया और गर्दन के पिछे की तरफ अपने हाथ का ज़ोर से वार किया जिससे उसकी गर्दन टूट गई और उसके मुँह से खून निकलने लगा. इतनी देर मे बाकी बचे २ लोगो ने मेरे सिर मे शराब की बोतल फोड़नी शुरू करदी जिससे मेरे सिर मे से भी खून आने लगा.

उनमे से एक आदमी का मैने हाथ पकड़ा और नीचे की तरफ खींच लिया जिससे वो आदमी मेरे उपर ही गिर गया. मैने शराब की टूटी हुई बोतल उसके हाथ से छीन ली और

उसके गले मे टूटे हुए हिस्से से वार किया जिससे उसकी गर्दन मे काँच धँसते चले गये और उसमे से पानी की तरह खून निकलने लगा जबकि दूसरा आदमी दरवाज़े की तरफ भागा. मैने हाथ मे पकड़ी बोतल हवा मे उछाल कर उसके सिर मे मारी जिससे बोतल फुट गई और वो दरवाज़े मे जाके लगा. मैने बेड का सहारा लेके खुद को खड़ा किया और जल्दी से अपनी टाँग से बँधी कुर्सी की टाँग की रस्सी को खोल दिया. अब मैने वही कुर्सी की टाँग उठाई और उसके सिर मे मारी जिससे कुर्सी की टाँग टूट गई और उसके सिर से भी खून निकलने लगा. वो आदमी ज़मीन पर गिर गया और मुझसे रहम की भीख माँगने लगा मैने टूटी हुई कुर्सी का टुकड़ा उठाया और उसके मुँह मे डाल कर ज़ोर से पैर को कुर्सी के बाहर निकले हिस्से पर दबा दिया जिससे कुर्सी का नीचे वाला हिस्सा जो उसके मुँह मे घुसा हुआ हलक तक को चीर गया और वो वही तड़प-तड़प के मर गया. अब मैने जल्दी से दूसरी टाँग पर बँधी कुर्सी भी खोली और कमरे मे बने बाथरूम मे चला गया खुद के चेहरे पर लगे ज़ख़्म को देखने लगा.फिर मैने अपने सिर को पानी से धोया और चेहरे पर लगा खून साफ किया. उसके बाद मैं जल्दी से बाहर आया और पुलिस वाली वर्दी उतार कर उन मरे हुए लोगो का कोट-पेंट पहन लिया क्योंकि लड़ाई के दोरान उन लोगो का काफ़ी खून वर्दी पर लग गया था. मैं हवेली के इस वक़्त आखरी हिस्से मे खड़ा था. जहाँ से हीना का कमरा काफ़ी दूर था. इसलिए मैं बाल्कनी के रास्ते से पाइप पर लटक कर हीना के कमरे की तरफ चला गया. जहाँ पहले से काफ़ी लड़कियाँ मोजूद थी और हीना को तैयार कर रही थी.

अब मैं हीना के कमरे मे भी नही जा सकता था इसलिए पाइप के सहारे ही लटकता हुआ आगे की तरफ बढ़ने लगा. जहाँ नीचे मुझे हॉल और स्टेज नज़र आया जहाँ पर चौहान बैठा था. उँचाई काफ़ी ज़्यादा थी इसलिए मैं सीधा नीचे छलाँग नही लगा सकता था. इसलिए मैं इधर उधर कोई रस्सी देखने लगा.जिससे लटक कर मैं नीचे तक जा सकूँ क्योंकि अब मुझे सिर्फ़ चौहान को ही मारना था. तभी मुझे सामने एक झुम्मर लटका हुआ नज़र आया मुझे बस वहाँ तक किसी भी तरह से पहुँचना था. क्योंकि वहाँ से स्टेज की उँचाई काफ़ी कम थी और मैं आसानी से छलाँग भी लगा सकता था. मैने इधर उधर देखा और पाइप के सहारे हवेली की छत की तरफ बढ़ने लगा जिससे लटक कर मैं उपर की एक बाल्कनी मे पहुँच गया. बाल्कनी से झूमर पर छलाँग लगाना आसान था इसलिए मैं बाल्कनी की रेलिंग पर पैर रख के खड़ा हो गया और नीचे झूमर के उपर छलाँग लगा दी. झूमर ज़ंजीरो से बँधा हुआ था.इसलिए उसने मेरा वजन तो उठा लिया लेकिन मेरे गिरने से बहुत ज़ोर की आवाज़ हुई और काफ़ी बल्ब भी टूट गये जिससे सबका ध्यान उपर की तरफ चला गया.

सरपंच : ओये कौन है उपर....

झूमर से नीचे की दूरी काफ़ी कम थी इसलिए मैने बिना कोई जवाब दिए नीचे स्टेज पर छलाँग लगा दी और मैं सीधा चौहान के उपर आके गिर गया जिससे उसकी कुर्सी टूट गई और चौहान को काफ़ी चोट आई मैने जल्दी से अपने दाए पैर को उपर उठाया और उसमे फँसी एक पिस्टल निकाल कर चौहान के सिर पर रख दी.

मैं : मादर जात मैने कहा था ना आज तू निकाह नही जहन्न्रुम क़बूल करेगा.

चौहान : गन नीचे कर ले उस्मान नही तो मेरे लोग यहाँ खड़े तमाम लोगो को मार डालेंगे.

मैं : अगर तेरे एक आदमी की भी गोली चली तो तेरा भेजा यही बाहर निकाल दूँगा. इसलिए अपने कुत्तो से बोल बंदूक नीचे रख दें. नही तो तेरा पोस्टमॉर्टम मैं यही खड़े-खड़े कर दूँगा.

चौहान : (अपने लोगो को गन नीचे करने का इशारा करते हुए) नीचे करो...

मैं : ये हुई ना बात ! चल अब शराफ़त से मुझे बाहर लेके चल. तुझे तो मैं अपने गाँव लेके जाऊंगा. जहाँ सब तेरा सीक कबाब बनाएँगे साले...

तभी पांडु हीना के सिर पर बंदूक लगाए सीढ़ियो से उतरता हुआ नज़र आया.

पांडु : इतनी जल्दी भी क्या है उस्मान... गन नीचे कर नही तो तेरी डार्लिंग तो गई.

सरपंच : ये क्या बदतमीज़ी है चौहान साहब .अपने आदमी से कहो छोड़ दे मेरी बेटी को नही तो अच्छा नही होगा.

चौहान : वाह पांडु वाह... चुप कर बूढ़े... साले तेरी बेटी के चक्कर मे हम अपनी क़ुर्बानी तो नही दे सकते ना....

हीना : (चलते हुए स्टेज के पास आते हुए) सुन लिया अब्बू.... यही वो लड़का था ना जो आपने मेरे लिए चुना था.

सरपंच : मुझे माफ़ कर दे बेटी...

पांडु : ओये तुम बाप-बेटी अपना ड्रामा बंद करो... उस्मान तुमने सुना नही मैने क्या बोला.घोड़ा नीचे कर नही तो मैं इस लड़की को गोली मार दूँगा.

सरपंच ये सब देख नही सका और जल्दी से पांडु से पिस्टल छीन ने लगा. तभी चौहान ने अपनी जेब से पिस्टल निकाल कर सरपंच को ३ गोली मार दी जिससे सरपंच वही ज़मीन पर गिर ढेर हो गया.

चौहान : उस्मान अपनी पिस्टल नीचे कर , नही तो अगली गोली हीना पर चलेगी.

मैं अब मजबूर था इसलिए चाह कर भी चौहान पर गोली नही चला सकता था. इसलिए अपनी पिस्टल चौहान को दे दी.

हीना : (रोते हुए) नही सुजल ऐसा मत करो ! मार दो इस कुत्ते को इसने मेरे अब्बू को मारा है.

चौहान ने मुझसे पिस्टल ले ली और एक ज़ोरदार तमाचा मेरे मुँह पर मारा .तभी चौहान के कुछ आदमियो ने मुझे पिछे से आके पकड़ लिया और एक रस्सी से दुबारा मेरे हाथ बाँध दिए. चौहान ने अपनी पिस्टल वापिस अपनी जेब मे डाली और क़ाज़ी को आवाज़ लगाई.

चौहान : क़ाज़ी साहब ! कहाँ हो ? जल्दी करो निकाह नही करवाना क्या हमारा.

क़ाज़ी : मैं लड़की की मर्ज़ी के खिलाफ उसकी शादी नही करवा सकता.ये गुनाह है.

चौहान : गुनाह किस बात का क़ाज़ी साहब आप देखना ये लड़की आपके सामने मुझे क़बूल करेगी.नही तो मैं इसके आशिक़ को गोली मार दूँगा.

हीना : (रोते हुए) नही... सुजल को कुछ मत करना तुम जो बोलोगे मैं वो करूँगी.

चौहान : देखा क़ाज़ी साहब मैं ना कहता था... चलिए निकाह की तैयारी कीजिए .अभी और भी बहुत से काम ख़तम करने हैं.

तभी पिछे से अँधा-धुन्ध गोलियाँ चलने की आवाज़ आने लगी और एक-एक करके चौहान के सब आदमियो पर गोलियाँ चलने लगी. मुझे ये समझते एक पल भी नही लगा कि मेरा यार लाला आ गया है और मेरे आदमियो ने पूरी हवेली को चारो तरफ से घेर लिया है.अब हवेली के चप्पे-चप्पे पर मेरे आदमी बंदूक लिए खड़े थे और सारी बाज़ी ही पलट गई थी.

लाला : (ताली बजाते हुए) क्या बात है भाई ! यहाँ तो पूरी महफ़िल लगी है. लगता है मैं वक़्त पर ही आ गया... मैने कहा चौहान साहब सलाम क़बूल कीजिए लाला का... अगर आप नही चाहते कि मैं आपकी नितंब पर लात मारू तो अपने आदमियो को प्यार से बोलो कि मेरे भाई और भाभी को शराफ़त से खोल दे नही तो ये आपकी सेहत के लिए अच्छा नही होगा.... (मुस्कुराते हुए)

मैं : (मुस्कुराते हुए) कहाँ मर गया था साले ५ मिनिट और नही आता तो हमारी लाशे मिलनी थी तुझे साला कोई काम का नही है तू.....

लाला : (स्टेज पर चढ़ते हुए) ओये क्या आदमी है साला अहसान तो मानता ही नही किसी का... अब फँस गया तो सारा बिल मेरे नाम पर फाड़ रहा है... मैने नही बोला था कि कुछ देर रुक जा. मैं आ जाऊ फिर साथ मे मिलकर इस कुत्ते की नितंब मारेंगे तब तो बड़ा चौड़ा होके अकेला ही भिड़ गया था सबके साथ.

मैं : अच्छा ठीक है ! अब नाटक मत ठोक और आके मेरे हाथ खोल.

लाला : (अदब से मेरे सामने झुकते हुए) जो हुकुम मेरे आका...

उसके बाद लाला ने पहले चौहान को एक ज़ोरदार तमाचा मारा और फिर मेरी रस्सी भी खोल दी. हीना जल्दी से भाग कर मेरे पास आई और मेरे गले से लग कर रोने लगी.

लाला : (मुस्कुराते हुए हीना को देख कर) मैने कहा सलाम क़बूल करो अपने देवर का होने वाली भाभी जी.

हीना : (मुझे गले से लगाए हुए लाला को देखने लगी) सुजल ये कौन है.

मैं : (मुस्कुरा कर) मेरा बचपन का दोस्त है.

लाला : चलो चौहान साहब मरने के लिए रेडी हो जाओ और हमने तो अपने ग़रीब खाने मे काफ़ी इंतज़ाम किया था लेकिन उस्मान भाई का हुकुम है कि आपको ठोकना है... ये लैला मजनू को लगे रहने दो आप फिलहाल मेरे साथ ही काम चलाओ.अभी तो सिर्फ़ मैं ही आपकी मारूँगा. (चौहान की नितंब पर लात मारते हुए) चल भोसड़ी के देखता क्या है... उस्मान को भाभी से फ्री होने दे तेरी तो यही मारेगा... बोल भाई उस्मान इसका क्या करना है.... ठोक दूं क्या...

मैं : नही... इसको गाड़ी मे डाल और लेके चल अपने ठिकाने पर.मेरा मूड बदल गया है.अब इसको मारेंगे नही बल्कि इसकी मारेंगे (आँख मारते हुए) और फिर अभी तो इससे छोटे के भी बहुत से राज़ उगलवाने हैं.

लाला : (पलट ते हुए) मुझे आज तू कुछ बदला-बदला सा लग रहा है यार...

मैं : (मुस्कुराते हुए) साले मुझे सब कुछ याद आ गया है...

लाला : (हवा मे फायर करते हुए) ओये यारा खुश कर दिया.... ब्बबुऊउर्र्राहह... चल तू भाभी को लेके बाहर आजा फिर देखते हैं क्या करना है.

मैं : तुम लोग चलो मैं अपनी गाड़ी मे ही आऊंगा.

लाला : ओये मैं बाहर से ही आया हूँ ! वहाँ तेरी गाड़ी नही खड़ी.

मैं : यार मेरी गाड़ी हवेली के पिछे खड़ी है और साथ मे मेरे कुछ और लोग भी हैं जिनको साथ ही लेके जाना है.

लाला : अच्छा तो तू चल मैं ज़रा अपने हाथ की खुजली ख़तम कर लून.... (अपना हाथ खुजाते हुए)

मैं : ठीक है लेकिन साले ज़्यादा मत मारना ये अपने जैसा नही है... ज़रा करारे ४ हाथ पड़ गये तो मर ही ना जाए....

लाला : (चौहान के मुँह पर मुक्का मारते हुए) तू जा यार मुझे डिस्टर्ब मत कर. अभी मैं बिजी हूँ देखता नही इतने दिन बाद तो किसी को तसल्ली से धोने का मोक़ा मिला है...

मैं : अच्छा ठीक है लेकिन ५ मिनिट मे बाहर आ जाना इसको लेकर ज़्यादा देर नही करना.

लाला : (चौहान के पेट मे लात मारते हुए) तू जा ना यार मैं आ जाऊंगा. इसके लिए तो ५ मिनिट भी बहुत है उसमे ही इसकी फॅट के हाथ मे आ जाएगी... (ज़ोर से हँसते हुए)

हीना अपने अब्बू को गले लगा कर काफ़ी देर रोती रही फिर जब मैने उसके पास जाके उसके आगे हाथ बढ़ाया तो वो बिन कुछ बोले मेरा हाथ पकड़कर खड़ी हो गई. मैने सबसे पहले हीना के आँसू साफ किए उसके बाद मैं और हीना जल्दी से हवेली से बाहर निकले और हवेली के पिछे की तरफ चले गये जहाँ पर मैने अपनी गाड़ी खड़ी की थी .गाड़ी के पास ही मुझे जास्मिन बैठी हुई नज़र आई जो बार-बार इधर उधर देख रही थी उसके चेहरे से मेरे लिए फिकर दूर से ही दिखाई दे रही थी. मुझे और हीना को दूर से आता हुआ देखकर जैसे उसका चेहरा खुशी से खिल गया वो तेज़ कदमों के साथ सुजल को गोद मे उठाए हमारी तरफ बढ़ने लगी और आते ही मुझे गले से लगा लिया और खुशी से मुस्कुराने लगी.

जास्मिन : कितनी देर कर दी आने मे. मैं तो बहुत डर गई थी... तुम ठीक तो हो ना....

मैं : कैसा लगता हूँ...

जास्मिन : ये सिर मे चोट कैसे लगी...

मैं : वो सब जाने दो. ये थोड़ा बहुत तो चलता रहता है. अब तुम जल्दी से गाड़ी मे बैठो हम को हमारे नये घर जाना है.

जास्मिन : (खुश होके हाँ मे सिर हिलाते हुए) हमम्म चलो...

हीना : लाओ छोटा सुजल मुझे दे दो और तुम आगे बड़े वाले सुजल के साथ बैठ जाओ.

उसके बाद मैं और जास्मिन आगे बैठ गये और सुजल को हीना ने पकड़ लिया और वो खुद ही पिछे बैठ गई. मैने जल्दी से गाड़ी स्टार्ट की और उसको हवेली के अगली तरफ ले आया और हवेली के बड़े गेट के सामने रोक दिया जहाँ मेरे साथियो की गाडियो का क़ाफ़िला पहले से मोजूद था. उसके बाद मैने अपने आदमियो से चलने का इशारा किया और वो लोग मेरा इशारा पाते ही अंदर गये और लाला और चौहान को ले आए. लाला ने कुछ ही देर मे चौहान की बहुत बुरी हालत कर दी थी. चौहान के चेहरे से और सिर से पानी की तरफ खून टपक रहा था और कुछ आदमी उसको ज़मीन पर घसीटकर ला रहे थे.

मैं : ओये साले मार तो नही दिया उसको.

लाला : (अपना हाथ रुमाल से साफ करते हुए) नही भाई ज़िंदा है कुत्ता... इसको तो अड्डे पर ले-जाकर तसल्ली से सब भाई मिल कर मारेंगे.

मैं : चल गाड़ी मे बैठ चलने का वक़्त हो गया है.

लाला : (मुझे सल्यूट करते हुए) ओके बॉस...

उसके बाद हम सब गाड़ी मे बैठे और अपने गाँव, अपने घर की तरफ गाडियो के क़ाफ़िले को बढ़ा दिया. हीना मुझे कुछ उदास लग रही थी लेकिन जास्मिन बहुत खुश थी और अपने नये घर का सुनकर बहुत ज़्यादा उतावली थी.

मेरी गाड़ी सबसे आगे थी और बाकी गाड़ियाँ मेरी गाड़ी के पिछे चल रही थी और कुछ फ़ासले पर थी कुछ ही देर मे हम अपनी गाँव की सरहद से काफ़ी दूर निकल आए थे. हम को गाँव से निकले अब काफ़ी वक़्त हो गया था.लेकिन हीना मुझे अब भी उदास लग रही थी.इसलिए मैने इशारे से अपने साथ बैठी जास्मिन को अपने पास किया और उसको पिछे जाने का इशारा किया,ताकि दोनो बातें कर सके और हीना का भी मन बहल जाए.
जास्मिन चलती हुई गाड़ी मे ही सीट को नीचे करके पिछे चली गई और हीना के साथ बैठ गई और कुछ ही देर मे दोनो की बाते शुरू हो गई और अब हीना भी पहले से काफ़ी बेहतर नज़र आ रही थी. मेरी तरक़ीब ने अपना काम दिखा दिया था क्योंकि २ औरते एक साथ चुप तो कभी बैठ ही नही सकती .इसलिए बात होना लाज़मी था इसी तरह हीना का मूड भी अब अच्छा हो गया था. ऐसे ही गुज़रते वक़्त के साथ हम अपनी रफ़्तार से मंज़िल को बढ़ रहे थे कि अचानक मुझे सामने एक चेक पोस्ट नज़र आई. हम वो क्रॉस करके नही जा

सकते थे क्योंकि हम सब के पास काफ़ी असला था और चौहान के साथ होने की वजह से हमारे पकड़े जाने का भी डर था

इसलिए मैने जल्दी से अपनी जेब से अपना फोन निकाला और लाला को फोन करके अपनी गाड़ी के पिछे आने का हुकुम दिया और अपनी गाड़ी को एक जंगल की तरफ घुमा दिया.मेरे पिछे-पिछे ही बाकी गाडिया भी जंगल मे घुस गई. कुछ दूर जाके मैने गाड़ी को रोक दिया क्योंकि मुझे आगे किस तरफ जाना है ये समझ मे नही आ रहा था. इसलिए मैने गाड़ी से बाहर निकल कर लाला की गाड़ी को भी रुकने का इशारा किया मेरे नज़दीक आके उसकी गाड़ी भी रुक गई और लाला गाड़ी से बाहर आ गया.

लाला : हाँ भाई यहाँ बीच जंगल मे कहाँ ले आया ! अब आगे कहाँ जाना है.

मैं : आगे चेक पोस्ट थी इसलिए मैने गाड़ी को जंगल मे घुमा लिया लेकिन अब आगे किस तरफ जाना है. ये मुझे भी समझ नही आ रहा शायद हम भटक गये हैं.

लाला : लो जी कर लो बात... अब बीच जंगल मे क्या करेंगे. दिन भी ढलने वाला है ऐसा करते हैं. वापिस चलते हैं वहाँ से हाइवे पर हो जाएँगे.

मैयाँ : पागल हो गया है क्या... आगे चेक पोस्ट थी इसलिए तो मैने गाड़ी जंगल मे घुसा दी थी और तू फिर से वही जाने की बात कर रहा है. अब तक ये कुत्ते (चौहान) के चमचे भी इसको ढूँढने निकल पड़े होंगे.

लाला : फिर क्या है ? साला डरता कौन है अपने पास हथियार की कमी है. क्या साला जो भी आएगा मार कर निकल जाएँगे और क्या चल भाई वापिस ही चलते हैं.

अभी हम दोनो बात ही कर रहे थे की अचानक चौहान गाड़ी से मुँह बाहर निकाल कर चिल्लाया...

चौहान : कमीनो तुम यहाँ से ज़िंदा नही जा सकते. तुमने मुझे अगवा करके अपनी मौत को दावत दी है. अभी तुम मुझे जानते नही हो.

लाला : (गुस्से मे) अर्रे भाई तू तो भाभी के साथ मज़े से बैठ गया और ये हरामी को मेरे साथ डाल दिया .साला भेजा खा गया मेरा कितना बोलता है ये.... (अपने आदमियो से) यार कोई गंदा कपड़ा ढुंढ़ो इसका मुँह बाँधने को...

मुन्ना (हमारा आदमी) : भाई एक ही पट्टी थी. वो भी ये साला कुत्ता काट गया और पट्टी फॅट गई.

लाला : (कुछ सोचते हुए और हँस कर) इसका इलाज तो मैं करता हूँ...

मैं : (सवालिया नज़रों से लाला को देखते हुए) ओये मार मत देना ये ज़िंदा चाहिए मुझे समझा.अभी इससे बहुत कुछ उगलवाना है.

लाला : भाई फिकर मत कर मार कौन रहा है मेरा तो कुछ और ही मूड है (आँख मारते हुए).

मैं : क्या करने जा रहा है तू...

लाला : (हँसते हुए) तू बस भाभी को गाड़ी से बाहर मत आने देना इसकी ऐसी-तैसी तो मैं करता हूँ साला मुँह खोलने के लायक नही रहेगा....

इतना कह कर वो अपना जूता उतारने लगा और फिर अपनी ज़ुराब भी उतार ली और फिर से जूता पहन लिया और अपनी गंदी बद-बू-दार ज़ुराब उठा कर एक झाड़ी के पिछे चला गया.मैने भी जास्मिन और हीना को गाड़ी से बाहर निकलने से मना कर दिया. कुछ देर बाद लाला जब हँसता हुआ वापिस आया तो उसकी ज़ुराब गीली थी और उससे पानी टपक रहा था.

मैं : (हँसते हुए) ये क्या है कमीने...

लाला : (हँसते हुए) इस कुत्ते का मुँह बंद करने का इलाज... चल भाई मुँह खोल इसका... लगे हाथ दोनो काम हो गये साला मेरा भी काफ़ी देर से प्रेशर बना हुआ था. साला पेट भी खाली हो गया और इसका भी इलाज हो गया.

लाला के साथ बैठे आदमियो ने चौहान का मुँह पकड़ लिया और ज़बरदस्ती पेशाब से गीली की हुई ज़ुराब चौहान के मुँह मे डाल दी और उसी फटी हुई पट्टी को दुबारा उसके मुँह पर बाँध दिया.वो किसी बिन पानी की मछली की तरफ छट-पटा रहा था और अपनी गर्दन को हवा मे इधर उधर कर रहा था. सब ये देख कर ज़ोर-ज़ोर से हँस रहे थे और हीना और जास्मिन जो कि अब भी गाड़ी मे बैठी थी वो मुझे सवालिया नज़रों से देख रही थी.

हीना : क्या हुआ सब हँस क्यो रहे हैं.

मैं : (हँसते हुए) कुछ नही तुम्हारे काम की बात नही है.... यार हम रास्ता भटक गये हैं. आगे किस तरफ जाना है समझ नही आ रहा. तुमको यहाँ से आगे जाने का रास्ता पता है क्या.

जास्मिन : (बीच मे बोलते हुए) मुझे पता है किस तरफ जाना है. मैं बचपन मे स्कूल इसी रास्ते से जाया करती थी.

मैं : तो पहले बताया क्यो नही कितनी देर से हम बेकार मे भटक रहे हैं.

जास्मिन : (मुँह बनाते हुए) तुमने पूछा ही नही...

मैं : क्या तुम भी कमाल हो... (अपने सारे आदमियो से) चलो ओये गाड़ी मे बैठो सारे रास्ते का पता लग गया है.

उसके बाद सब आदमी वापिस गाडियो मे बैठ गये और चौहान को भी वापिस गाड़ी मे डाल लिया और हम सब जास्मिन के बताए रास्ते पर आगे बढ़ने लगे और कुछ ही देर मे हम हाइवे पर आ गये अभी हमें कुछ ही देर हुई थी कि मेरा फोन बजने लगा. मैने जेब से फोन निकाला तो स्क्रीन पर शहनाज लिखा आ रहा था. मुझे समझ मे नही आ रहा था कि जास्मिन और हीना के सामने शहनाज से बात कैसे करूँ लेकिन फोन उठाना भी ज़रूरी था .इसलिए कुछ सोचकर मैने फोन उठा लिया.

मैं : हंजी सरकार हुकुम कीजिए...

शहनाज : कहाँ हो तुम... मुझे फोन क्यो नही किया... मैने कहा था ना पहुँच कर मुझे फोन कर देना... जानते हो कितनी फिकर हो गई थी तुम्हारी....

मैं : बस... बस... बस... साँस तो लेलो... एक ही साँस मे सब कुछ पूछ लिया... यार मुझे बोलने का मोक़ा तो दो...

शहनाज : ठीक है बोलो... फोन क्यो नही किया और वापिस कब आ रहे हो.

मैं : मैं कल सुबह तक वापिस आ जाऊंगा और जिस काम के लिए गया था वो पूरा हो गया है...

शहनाज : सच्ची.... कमाल है ! इतनी जल्दी वापिस आ रहे हो...

मैं : तुम कहो तो ४-५ दिन और रुक जाता हूँ.

शहनाज : नही... मेरे कहने का वो मतलब नही था....

मैं : अच्छा एक काम की बात सुनो...

शहनाज : हम्म.... बोलो...

मैं : मेरे साथ कुछ मेहमान भी आ रहे हैं. जो हमारे घर मे ही रहेंगे हमारे साथ...

शहनाज : मेहमान है तो उनको हवेली मे रखो ना घर लाने की क्या ज़रूरत है.

मैं : अर्रे यार वो काम वाले मेहमान नही है, मेरे मेहमान है और बहुत ख़ास है. अब से वो भी हमारे साथ ही रहेंगे तो तुम उन लोगो के रहने का इंतज़ाम कर देना ठीक है...

शहनाज : हम्म ठीक है ! लेकिन तुमने ये तो बताया ही नही कितने लोग हैं.

मैं : (हँसते हुए) २ औरत है और एक छोटा सा शेर भी है उनके साथ.

शहनाज : औरत कौन है...

मैं : वो में तुमको आके सब बताऊंगा. बस अभी जितना कह रहा हूँ उतना कर लो.

शहनाज : अच्छा... जल्दी आ जाना मैं इंतज़ार करूँगी...

मैं : हमम्म चलो अब फोन रख दो मैं गाड़ी चला रहा हूँ...

शहनाज : उउउहहुउ.... कितनी बार कहा है गाड़ी चलाते हुए बात ना किया करो....

मैं : तुम्हारा भी पता नही चलता फोन उठा लो तो मुसीबत ना उठाओ तो मुसीबत...

शहनाज : अच्छा ! अब फोन बंद करो और ध्यान से गाड़ी चलाओ.

उसके बाद मैने फोन रख दिया अब मुझे एक नयी फिकर होने लगी थी कि मैं घर जाके शहनाज को इन दोनो के बारे मे क्या बताऊंगा.इसलिए आगे के बारे मे सोचने लगा और चुप-चाप गाड़ी चलाने लगा. कुछ देर बाद हम एक ढाबे पर रुके जहाँ हम सब ने मिलकर खाना खाया. खाना खाते हुए कुछ लोग हमें अज़ीब नज़रों से घूर-घूर कर देख रहे थे लेकिन मैने नज़र अंदाज़ कर दिया और खाने पर ध्यान देने लगा क्योंकि उस वक़्त हम सब को बहुत ज़ोर की भूख लगी हुई थी. खाना खाने के बाद हम सब वापिस अपनी गाडियो मे बैठ कर अपनी मंज़िल की तरफ बढ़ने लगे. कुछ दूर जाने के बाद मुझे लाला का फोन आया कि पुलिस की कुछ गाड़ियाँ हमारी गाडियो के पिछे आ रही हैं. ये सुनकर मुझे समझ आ गया कि ढाबे पर वो कौन लोग थे जो हम को घूर-घूर कर देख रहे थे. इसलिए मैने सबको बिना कोई खून-खराब किए वहाँ से शांति से चलने का हुकुम दे दिया क्योंकि अब रात के वक़्त मैं एक और खून-ख़राबा नही चाहता था. इसलिए मैने सबको गोली चलाने से मना कर दिया. लेकिन वो पुलिस की गाड़ियाँ लगातार अपना साइरन बजाते हुए हमारी गाडियो के पिछे आ रही थी और हम को रुकने के लिए कह रही थी. कुछ देर बाद हमारी सबसे पिछे वाली गाड़ी पर फायर होने शुरू हो गये.

अब हम लोग कुछ नही कर सकते थे. ना चाहते हुए भी हम को जवाब मे गोली चलानी ही थी. इसलिए अब चलती गाडियो मे ही दोनो तरफ से फायर होना शुरू हो गये मेरी गाड़ी उस वक़्त सबसे आगे थी और मेरे साथ जास्मिन, छोटा सुजल और हीना भी थी. इसलिए मैं सिर्फ़ गाड़ी चलाने पर ही ध्यान देने लगा. कुछ देर बाद एक पुलिस की जीप पिछे की तमाम गाडियो को ओवर टेक करती हुई एक दम मेरे बराबर मे आ गई और लगातार मेरी कार पर गोलियाँ चलाने लगी. मैने जल्दी से हीना और जास्मिन को नीचे झुका दिया ताकि उनको गोली ना लग जाए लेकिन एक गोली मेरे कंधे पर लग गई और गाड़ी का बॅलेन्स

बिगड़ने लगा. मैने जल्दी से स्टेरिंग के सामने रखी अपनी रेवोल्वर उठाई और सामने वाली जीप पर जवाबी गोलियाँ चलाने लगा ५ ही फायर मे मेरी रेवोल्वर खाली हो गई थी और अब मेरे पास कारतूस भी नही थे क्योंकि बाकी हथियार और कारतूस कार की दिग्गी मे पड़े थे और कार रोकने का मेरे पास मोक़ा नही था. लेकिन जीप मे से अब भी फाइरिंग जारी थी अब मेरे पास दूसरा कोई असला नही था इसलिए मैने एक रिस्क उठाया मैने अपनी गाड़ी की स्पीड कम की और अपनी गाड़ी को उस जीप के एक दम साथ मे कर लिया और जास्मिन और हीना को झुके रहने का कहकर ज़ोर से अपनी गाड़ी को उस जीप मे धकेल दिया जिससे उनकी जीप का बॅलेन्स बिगड़ गया और वो सामने वाली चट्टान मे जाके टकरा गई और जीप पलट गई. अब मेरा उस जीप से तो पीछा छूट गया था लेकिन मेरे आदमियो की गाडियो के पिछे अब भी काफ़ी पुलिस की जीप लगी हुई थी और दोनो तरफ से फायर हो रहे थे. मेरे कंधे मे भी गोली लग चुकी थी जिस वजह से तेज़ दर्द उठ रहा था और अब मुझसे गाड़ी भी नही चलाई जा रही थी लेकिन फिर भी मैं हिम्मत करके गाड़ी चलाता रहा. मेरी अब हिम्मत जवाब दे रही थी क्योंकि बाजू से काफ़ी खून निकल रहा था इसलिए मैने लाला की गाड़ी को हाथ से इशारा करके मेरी गाड़ी के बराबर आने को कहा कुछ ही सेकेंड्स मे उसकी गाड़ी रफ़्तार पकड़ती हुई एक दम मेरी गाड़ी के साथ आ गई.....

मैं : (चिल्लाते हुए) मेरे कारतूस ख़तम हो गये हैं और मुझे गोली भी लगी है मुझे हथियार वाला बॅग दे लाला....

लाला : (हाथ से इशारा करते हुए) देता.. हु...

हम दोनो ने एक ही वक़्त पर चलती कार का दरवाज़ा खोल दिया और अपनी दोनो गाडियो को बराबर पर लाके मैने एक हाथ से हथियार वाला बॅग अंदर खीच लिया.साथ ही मैने अपने एक आदमी को मेरी गाड़ी मे आने को कहा ताकि वो कार चला सके. हम दोनो की गाडियो की रफ़्तार काफ़ी तेज़ थी इसलिए गाड़ी बराबर आने मे दिक्कत हो रही थी कुछ एफर्ट्स के बाद मैने उस आदमी को अपनी गाड़ी मे खींच लिया. अब वो मेरी जगह गाड़ी चला रहा था और मैं साथ वाली सीट पर बैठा बॅग से हथियार निकाल रहा था बॅग खोलते ही मेरी नज़र बाज़ुक़ा पर पड़ी मैने जल्दी से उसमे बॉम्ब लोड किया और अपनी जेब से फोन निकाला और लाला को फोन किया...

मैं : लाला एक आइडिया आया है. मैं गाड़ी की छत पर जा रहा हूँ जब मैं इशारा करूँगा तब अपने आदमियो को बोलना कि सब अपनी अपनी गाड़ियों को बाई तरफ कर ले और एक दम से अपनी सब गाडियो की रफ़्तार बढ़ा दे...

लाला : ठीक है.... भाई मैं अभी सबको फोन करके कह देता हूँ....

उसके बाद मैने फोन रख दिया और लाला के इशारे का इंतज़ार करने लगा. क्योंकि उसके बाद ही मैं गाड़ी की छत पर जा सकता था. तभी मुझे हीना की आवाज़ आई...

हीना : सुजल तुम ठीक तो हो ना....

मैं : मैं ठीक हूँ ! फिकर मत करो तुम नीचे रहो....

हीना : तुम्हारी बाजू से तो बहुत खून निकल रहा है...

मैं : कोई बात नही अभी सब ठीक हो जाएगा तुम दोनो नीचे रहो बाहर फाइरिंग हो रही है....

तभी मुझे लाला ने गाड़ी से हाथ बाहर निकाल कर अपने हाथ का अंगूठा दिखाते हुए डन का इशारा किया. मैने जल्दी से गाड़ी का दूसरी तरफ का दरवाज़ा खोला और बाज़ुक़ा लेकर गाड़ी की छत पर बैठ गया और बाज़ुक़ा को अपने कंधे पर सेट कर लिया और पुलिस की बीच वाली गाड़ी का निशाना लगाया ताकि धमाके से आगे और पिछे दोनो तरफ की गाड़िया उड़ जाए.लेकिन उससे पहले मुझे मेरे आदमियो को इशारा करना था.इसलिए मैं कुछ सेकेंड्स के लिए अपना बॅलेन्स बनाता हुआ गाड़ी की छत पर सीधा खड़ा हो गया. जिससे मेरे सब आदमियो ने मुझे देख लिया और अपनी सारी गाडियो को एक साथ बाई तरफ कर लिया. मेरे पास यही सही मोक़ा था मेरी इस चाल को कोई भी पुलिस वाला समझ नही पाया और वो एक सीध मे ही गाड़ी चलाते रहे. तभी मैने बाज़ुक़ा का ट्रिग्गर दबा दिया और उनकी बीच वाली जीप पर फायर कर दिया.

मेरा आइडिया कामयाब रहा ३ जीप धमाके से एक साथ उड़ गई और बाकी ७ जीपों ने वही अपनी गाड़ी को रोक लिया. लाला ये देख कर काफ़ी खुश लग रहा था और गाड़ी के शीशे से मुँह बाहर निकाल कर ज़ोर-ज़ोर से चिल्ला रहा था और उन पुलिस वालों को गालियाँ निकाल रहा था. मैने एक नज़र मुस्कुरा कर उसको देखा और फिर बाज़ुक़ा गाड़ी के अंदर फैंक कर खुद भी गाड़ी के अंदर जाके बैठ गया. गाड़ी के अंदर आते ही हीना और जास्मिन ने मेरा बाजू पकड़ लिया और देखने लगी...

हीना और जास्मिन : तुम ठीक हो ना...

मैं : मैं एक दम ठीक हूँ तुम दोनो फिकर मत करो ...

हीना : फिकर कैसे नही करे तुमको गोली लगी है देखो कितना खून निकल रहा है

इतना कह कर उसने खून वाली जगह पर अपना हाथ रख दिया ताकि खून रुक सके...

हीना : (ड्राइवर को देखते हुए) अपने आदमी से कहो किसी डॉक्टर के पास लेके चले खून बहुत निकल रहा है.

मैं : बीच हाइवे मे अब मैं डॉक्टर कहाँ से लेके आऊ अब तो शहर जाके ही डॉक्टर मिलेगा और तुम लोग फिकर मत करो यार मैं एक दम ठीक हूँ.

उसके बाद कोई खास बात नही हुई हीना पूरे रास्ते मेरी बाजू पकड़ कर बैठी रही. कुछ ही देर मे शहर आ गया जहाँ लाला गन पॉइंट पर एक डॉक्टर को उठा लाया जिसने मेरी बाजू से गोली निकाली और गाड़ी मे ही मेरी मरहम पट्टी भी करदी. डॉक्टर के दिए हुए पेन किल्लर से दर्द तो कम हुआ ही साथ ही मुझे नींद आने लगी और मैं सो गया.

३४

सुबह जब आँख खुली तो हम अपनी बस्ती के काफ़ी करीब थे.कुछ ही देर हम बस्ती पहुँच गये. जहाँ सलमान हमारे तमाम आदमियो के साथ हमारा इंतज़ार कर रहा था. जैसे ही मेरी गाड़ी रुकी मेरे सब लोग दौड़कर मेरी गाड़ी के पास आ गये और एक आदमी ने जल्दी से मेरी गाड़ी का दरवाज़ा खोला.सामने सलमान अपनी सदा-बाहर मुस्कान के साथ मेरा इंतज़ार कर रहा था. उसने आते ही मुझे गले से लगा लिया. वही पास ही मेरे घर के बाहर शहनाज भी खड़ी थी जो मुझे देख कर मुस्कुरा रही थी.

सलमान : वाह भाई वाह ! मान गये उस्मान... कमाल कर दिया यार तूने....

मैं : मैने क्या किया ....

सलमान : भाई अकेले ही इस कुत्ते को उठा के वहाँ से ले आया! ये क्या छोटी बात है...

लाला : (भाग कर हमारे पास आते हुए) कमीनो मुझे क्यो भूल जाते हो... और ये तुम्हारा शेर वही ढेर हो जाता. अगर मैं वक़्त पर नही आता.... बड़ा आया कमाल करने वाला...

सलमान : अच्छा.... ठीक है यार.... वैसे वो हमारा नया मेहमान है कहाँ.ज़रा दर्शन तो करवाओ.

लाला : होना कहाँ है ? वही गाड़ी मे पड़ा है.

मैं : सलमान तू ज़रा इस चौहान के बच्चे को देख. मैं ज़रा शहनाज से मिलकर आता हूँ.

सलमान : ठीक है भाई...

उसके बाद मैने अपनी गाड़ी का पिछे का दरवाज़ा खोला और जास्मिन, सुजल और हीना को लेकर अपने घर की तरफ बढ़ने लगा. जास्मिन और हीना दोनो बड़े गौर से चारो तरफ के माहौल और लोगो को देख रही थी.

जास्मिन : हम लोग यही रहेंगे क्या...

मैं : हमम्म क्यो जगह पसंद नही आई क्या...

जास्मिन : नही वो बात नही है. लेकिन यहाँ पर बहुत सारे लोग हैं, तो इन सबके सामने अजीब सा लगता है. अपने गाँव मे तो हम चन्द ही लोग रहते थे ना.

मैं : (मुस्कुराते हुए) यहाँ के लोग भी बहुत अच्छे हैं और तुम्हारा ख़याल रखेंगे. तुम जैसे चाहो यहाँ रह सकती हो. तुम यहाँ एक दम महफ़ूज़ हो.

हीना : यहाँ पर सब लोग तुमको उस्मान कह कर क्यों बुला रहे हैं.

मैं : क्योंकि मेरा असल नाम उस्मान ही है.सुजल नही भूल गई मैने तुम्हे बताया तो था.

ऐसे ही बाते करते हुए हम सब मेरे घर के सामने पहुँच गये, जहाँ शहनाज गेट के सामने खड़ी हमारा इंतज़ार कर रही थी. शहनाज को देखते ही मैं उसको साइड पर ले गया. जहाँ मैने उसको दोनो की सारी कहानी बता दी. इसलिए शहनाज ने बहुत अच्छे से उनका स्वागत किया और उनको घर के अंदर ले गई. मैं उन तीनो के साथ बैठा था लेकिन मुझे उस वक़्त बहुत अजीब सा महसूस हो रहा था और मैं एक अजीब सी दिमागी जंग से गुज़र रहा था. समझ नही आ रहा था कि इन तीनो को एक साथ यहाँ कैसे रखूं. अगर तीनो मे से किसी ने भी पूछ लिया कि बाकी २ से तुम्हारा क्या रिश्ता है. तो मैं क्या जवाब दूँगा. ऐसे ही कई सवाल अब घर आके एक दम से मेरे दिमाग़ मे चलने लगे थे. अभी तो हम सब साथ मे बैठे थे लेकिन बोलने की हिम्मत कोई भी नही कर पा रहा था. हीना और जास्मिन नये माहौल और गुज़रे हुए वक़्त की वजह से चुप थी.शहनाज उन दोनो के साथ मेरे रिश्ते को शायद समझ नही पा रही थी.इसलिए चुप थी और मैं इन तीनो मे फँस गया था क्योंकि तीनो ही मुझे प्यार करती थी और मैं किसी का भी दिल नही तोड़ना चाहता था.

एक तरफ हीना और जास्मिन थी, जो मुझ पर भरोसा करके सिर्फ़ मेरे लिए यहाँ तक आ गई थी.दूसरी तरफ शहनाज थी जो हमेशा से ही मेरे साथ थी और हमेशा मुझे खुश रखने की कोशिश मे लगी रहती थी. ऐसे ही कई सवाल थे जिनके जवाब हम मे से किसी के पास नही थे. तभी सलमान आ गया और उसने हमारे बीच बनी खामोशी को एक दम से तोड़ दिया.

सलमान : तुम लोग यहाँ बैठे एक दूसरे की शक़ल ही देखते रहोगे या कुछ खाने पीने का भी मूड है... भाई इतने लंबे सफ़र से आए हो पहले कुछ खा लो...

शहनाज : हाँ भाईजान ! मैं खाने पीने का ही इंतज़ाम करने जा रही थी...

सलमान : कोई ज़रूरत नही है ! अली की अम्मी (सलमान की बीवी) ने सब इंतज़ाम कर दिया है.उस्मान ने आने से पहले बता दिया था. इसलिए मैने सब इंतज़ाम करवा दिया है. अब आप सब लोग मेरे घर चलिए और दावत क़बूल फरमाये...

उसके बाद हम सब सलमान के घर चले गये. जहाँ हमेशा की तरफ अली मेरे साथ आके खेलने लगा और छोटे सुजल के आ जाने से वो भी काफ़ी खुश लग रहा था और उसके साथ खेलने मे लग गया. उसके बाद हीना जास्मिन और शहनाज को सलमान की बेगम के पास छोड़ कर मैं और सलमान अपने अड्डे पर चले गये जहाँ चौहान को बाँध रखा था. अड्डे पर सूमा , गानी और लाला पहले से मोजूद थे जो शायद मेरे आने का ही इंतज़ार कर रहे थे.

मैं: लाला ये सूमा कहाँ है नज़र नही आ रहा.

लाला : (मुस्कुराकर) भाई वो अपने नये मेहमान की खातिर मे लगा हुआ है.

मैं : अब्बे... कमीनो जान से मत मार देना. अभी उससे छोटे ख्वाजा का माल कहाँ रखा हुआ है,उसका भी पता निकलवाना है.

लाला : भाई अपना काम था चौहान को सूमा तक पहुँचाना. मैने अपना काम कर दिया है.अब आगे तू जान, सूमा जाने और तेरा चौहान जाने... मैं तो खाना खाने जा रहा हूँ. (सलमान को देखकर) साला भूख से जान निकल रही है और यहाँ तो किसी कमीने ने खाना तक नही पूछा. खुद तो मज़े से बिर्यानी खा आए हैं.

सलमान : साले तू मेहमान है ! जो तुझे इन्विटेशन कार्ड देके जाऊ... जा घर चल जा और जाके खाना ठूंस ले...

मैं : (हँसते हुए) अच्छा ठीक है ! जा खाना खा ले जाके.तब तक मैं सूमा से मिलकर आता हूँ.

उसके बाद हम उस कमरे मे चले गये जहाँ चौहान और सूमा थे. सूमा, चौहान को बुरी तरह मार रहा था और कमरे के बाहर ही चौहान के चिल्लाने की आवाज़ आ रही थी. हमने जैसे ही कमरे का दरवाज़ा खोला तो देखा चौहान ज़मीन पर गिरा पड़ा था और सूमा उससे बुरी तरह ठोकर से मार रहा था.

मैं: बस... बस... ! बस कर सूमा.वो मर जाएगा॥

सूमा : मरता है तो मर जाए साला. लेकिन आज इससे सारे माल का पता निकलवाके रहूँगा. इस हरामी की वजह से सबसे ज़्यादा मेरा नुक़सान हुआ है. इस हरामी के कुत्तो ने मेरे माल पर रेड डाल कर सारा माल पकड़ा था. जानता है बाबा से कितनी बार गाली खाई है मैने इस हरामी की वजह से और इस भोसडीके ने सारा माल अपने बाप छोटे को दे दिया. मादर जात को पैसे ही चाहिए थे तो मेरे पास नही आ सकता था.

उसके बाद हमारे काफ़ी पूछने पर चौहान ने अपना मुँह खोल दिया. उसने छोटा ख्वाजा के सारे अड्डे और गोदाम हम को बता दिए जहाँ वो सारा माल रखता था.इसके अलावा पुलिस डिपार्टमेंट मे चौहान के कितने लोग थे उन सबके बारे मे भी उसने हम को बता दिया.

चौहान की दी हुई इन्फर्मेशन से लाला, गानी और सूमा ने छोटे चौहान का सारा बिजनेस ख़तम कर दिया और उसके लगभग सब आदमियो को मार दिया था. उसके सारे गोदमो का माल मेरे आदमियो ने लूट लिया और यहाँ ले आए जिससे मार्केट मे हम लोगो की मोनोपली हो गई थी. अब हम हर गैर क़ानूनी चीज़ को अपने प्राइस और अपनी कंडीशन पर बेचने लगे थे. चौहान के डिपार्टमेंट के सब लोगो को हमने अपने पैसे की ताक़त से खरीद लिया और अपनी तरफ कर लिया. अब वो लोग दूसरे डीलर्स के पकड़े हुए ड्रग्स और सारे हथियार हम को सप्लाइ करते थे .उन लोगो के हमारे साथ मिल जाने से माल पकड़े जाने की टेंशन भी ख़तम हो गई थी. चौहान से सारी इन्फर्मेशन निकलवाने के बाद हमने चौहान को भी ख़तम कर दिया.

देखते ही देखते कुछ ही दिन मे हमने मार्केट मे अपनी पहले से भी मज़बूत पोज़ीशन हासिल कर ली थी. अब हमारे विदेशी क्लाइंट्स के पास भी हम से माल खरीदने के अलावा कोई रास्ता नही था. इसलिए उन्होने मुझसे माफी माँग कर फिर से मेरे साथ बिजनेस शुरू कर दिया. इस तरह हमने छोटे ख्वाजा को पूरी तरह बर्बाद कर दिया था. साथ ही जो छोटे-मोटे गँग थे वो या तो ख़तम कर दिए थे या अपने साथ मिला लिए थे.

अब सिर्फ़ इंतज़ार था तो छोटे ख्वाजा को ख़तम करने का लेकिन हमारी बढ़ती हुई ताक़त को देखते हुए वो भी अंडर ग्राउंड हो गया था या मुल्क़ से फरार हो गया था. अब उसके पास ना पैसा था. ना ही आदमी थे और ना ही बिजनेस था. बाबा के सिखाए हुए नियम के दम पर हम अब अंडरवर्ल्ड मे सबसे उपर आ गये थे. कुछ ही महीनो की मेहनत के बाद एक दिन हम को छोटा ख्वाजा भी मिल गया जिसे हम सब भाइयो ने मिलकर बड़ी तसल्ली से तडपा-तडपा कर मार दिया.

उसके बाद हमारे सारे दुश्मन ख़तम हो चुके थे अब अंडरवर्ल्ड मे हम ही हम थे. एक साल के अंदर-अंदर मैने बाबा के फ़ैसले को सही साबित करते हुए अपने हर बिजनेस को सौ गुना बढ़ा दिया था. अब हमें पहले जितनी पूरे बिजनेस मे कमाई होती थी उससे ज़्यादा अब हमें एक-एक बिजनेस मे होने लगी थी. वही दूसरी तरफ नाम और बढ़ती हुई शौहरत ने मुझे पूरे मुल्क़ मे मोस्ट-वांटेड क़रार करवा दिया था क्योंकि चौहान की किडन्यापिंग से लेकर मुझ पर कई पोलिसेवालो के मर्डर्स के केस भी चल रहे थे. साथ मनी लौंडरी, हथियारो की और ड्रग्स की तस्करी जैसे मामले भी अब मेरे नाम पर थे. इसलिए अब मेरा इस मुल्क़ मे रहना सेफ नही था लिहाज़ा मुझे सारा बिजनेस सलमान, लाला, गानी और सूमा मे बाँट कर इस मुल्क़ को छोड़ना था.क्योंकि अब अगर कुछ दिन और इस मुल्क़ मे मैं रहता तो पुलिस मुझ तक कभी भी पहुँच सकती थी और उनका मुझे गिरफ्तार करने का मूड तो बिल्कुल भी नही था और इस बार मैं एक और पुलिस एनकाउंटर के लिए मैं राज़ी नही था लिफाज़ा मैने मुल्क़ छोड़ने का फ़ैसला कर लिया.

वही दूसरी तरफ शहनाज, जास्मिन और हीना अकेली हो गई थी.मैं उनके साथ होके भी पूरी तरह उनके साथ नही था. ना तो मैं पूरी तरह से किसी को अपनी कह पा रहा था और ना ही मैं अब उनको छोड़ सकता .था इसलिए एक दिन मैने सलमान से अपने दिल बात करने की सोची क्योंकि हम सब मे एक सलमान ही था जो ना सिर्फ़ उमर मे मुझसे बड़ा था बल्कि वो शादी-शुदा भी था. इसलिए एक दिन मैने बात करने के लिए सलमान को बुलाया और खुद अपने कॅबिन मे बैठकर उसके आने का इंतज़ार करने लगा.

सलमान : हाँ भाई तुमने मुझे बुलाया था.

मैं : हाँ सलमान ! बैठ जाओ .तुमसे एक दिल की बात करना चाहता था .समझ नही आ रहा कहाँ से शुरू करू.

सलमान : (मेरे सामने की कुर्सी पर बैठ ते हुए) बोल भाई ! क्या बात है ?

मैं : तू तो जानता है कि मैं ये मुल्क़ छोड़ कर जा रहा हूँ लेकिन जाने से पहले मैं एक उलझन मे हूँ.

सलमान : बताना यार कैसी उलझन.अब तो अपनी सारी प्रॉब्लम्स भी सॉल्व हो गई .है बिजनेस भी टॉप पर चल रहा है अब कैसी उलझन.

मैं : जब से हीना और जास्मिन यहाँ आई है मैं बहुत उलझ गया हूँ. शहनाज , हीना और जास्मिन तीनो ही मुझे बहुत प्यार करती है और उन तीनो ने ही मेरे लिए अपना सब कुछ छोड़ दिया है. अब मुझे समझ नही आ रहा कि अपने मतलब के लिए उनको ऐसे छोड़ कर जाना सही होगा या नही.

सलमान : हमम्म बात तो तुम्हारी सही है... यार मेरी मानो तो तुम शादी कर लो सारी उलझन दूर हो जाएगी.

मैं : लेकिन किससे करूँ शादी ? तीनो ही मुझे प्यार करती हैं और कही ना कही तीनो ही मेरे बुरे वक़्त मे मेरे साथ थी और मेरा हमेशा साथ दिया.बिल्कुल तुम सब की तरह.

सलमान : हमम्म मेरी मानेगा तो उससे शादी कर जिससे तू प्यार करता है समझा.... और यार बहुत सोच समझकर फ़ैसला करना.

मैं : ठीक है...

उसके बाद सलमान मुझे मेरी सोच के साथ तन्हा छोड़ कर चला गया और मैं सोचने लगा कि प्यार किसको करता हूँ. सच तो ये था कि मैं तीनो से प्यार करता था लेकिन अब मैं तीनो से शादी कैसे करता. बस इसी क़श-म-क़श मे मैं उलझा हुआ था लिहाज़ा मैने ये फ़ैसला भी उन तीनो पर ही छोड़ दिया और वहाँ से सीधा घर चला गया.

३५

घर पहुँच कर मैने बहुत हिम्मत से घर का दरवाज़ा खट-खटाया. कुछ देर बाद हीना ने एक दिल-क़श मुस्कान के साथ दरवाज़ा खोला.

हीना : आज जल्दी आ गये सुजल ...

मैं : हाँ आज कुछ खास काम नही था. इसलिए जल्दी आ गया.

उसके बाद मैने चारो तरफ देखा तो मुझे सिर्फ़ जास्मिन नज़र आई जो सुजल को बोतल से दूध पिला रही थी. लेकिन मुझे शहनाज कही नज़र नही आई...

मैं : शहनाज कहाँ है...

हीना : वो यतीम खाने मे हैं .अभी बच्चों का स्कूल चल रहा है ना इसलिए शाम को आएगी.

मैं : अच्छा... मैं तुम लोगो से एक ज़रूरी बात करना चाहता था.

ये सुनकर दोनो मेरे पास आके खड़ी हो गई और सवालिया नज़रों से मुझे देखने लगी. मैने दोनो को एक नज़र देखा और दोनो का हाथ पकड़कर अपने साथ उनको भी बेड पर अपनी दोनो तरफ बिठा लिया.

मैं : तुम दोनो तो जानती ही हो कि हमारे बढ़ते हुए बिजनेस और मेरे कारनामो की वजह से मैं पूरे मुल्क़ मे मोस्ट-वांटेड हूँ. इसलिए मुझे ये मुल्क़ छोड़ना होगा लेकिन मैं सोच रहा हूँ इस मुल्क़ से मैं अकेला नही बल्कि शादी करके अपनी बीवी के साथ जाऊ.

हीना : (खुश होते हुए) ये तो बहुत अच्छी बात है कि तुमने शादी करने का फ़ैसला कर लिया है. वैसे कौन है वो खुश-नसीब.

मैं : इसका फ़ैसला मैं नही बल्कि तुम तीनो मिलकर कर ही कर लो क्योंकि मैं जानता हूँ तुम, जास्मिन और शहनाज तीनो ही मुझे बे-इंतेहा प्यार करती हो .मेरे लिए तुमने अपना सब कुछ दाँव पर लगा दिया. अब मुझ मे इतनी हिम्मत नही है कि तुम तीनो मे से किसी को भी बीच रास्ते मे ऐसे ही छोड़ कर चला जाऊ.

हीना : (हँसते हुए) बस इतनी सी बात तो इसमे कन्फ्यूज़ होने की क्या बात है... चलो तुम्हारी एक मुश्किल तो मैं आसान कर देती हूँ.. तुमको शहनाज और जास्मिन मे से एक को चुनना है .क्योंकि मुझे लगता है मुझसे ज़्यादा तुमको ये दोनो प्यार करती हैं.

जास्मिन : नही... मुझे लगता है तुमको शहनाज और हीना ज़्यादा प्यार करती है...

हीना : चलो जी हो गया फ़ैसला... तुम शहनाज से ही शादी कर लो. वो तुमको हम दोनो से ज़्यादा प्यार करती है.

मैं : और तुम दोनो...

जास्मिन : हम दोनो की फिकर मत करो ! हम दोनो यहाँ महफ़ूज़ है ना ! तो फिकर कैसी और वैसे भी शहनाज के जाने के बाद यतीम खाना संभालने वाला भी तो कोई होना चाहिए ना.

उनकी बात सुनकर मैं कुछ देर सोचता रहा और फिर बिना कुछ कहे बेड से उठा और चुप-चाप घर से बाहर निकल गया. मैं अपनी गहरी सोच मे इतना उलझा हुआ था कि मुझे पता ही नही चला कब मैं यतीम खाने तक पैदल ही आ गया. वहाँ जाके मैं शहनाज से मिला और यही बात शहनाज से भी कही तो उसका भी जवाब यही था कि हीना और जास्मिन मुझे उससे ज़्यादा प्यार करती है. इसलिए मैं उन दोनो मे से किसी से शादी करूँ. उसका जवाब सुनके मैं वहाँ से वापिस घर की तरफ चल दिया और जाने कब मेरे कदम मुझे बाबा की क़ब्र तक ले आए. वहाँ मैं कुछ देर बैठा रहा और अपने सवालो के जवाब हासिल करने की कोशिश करता रहा लेकिन मैं नाकाम साबित हो रहा था फिर मैं अपनी गुज़री हुई ज़िंदगी को देखने लगा जब मैं सबसे पहले जास्मिन से मिला था वहाँ उसने कैसे पहले मेरी जान बचाई फिर सलमा के साथ मेरी बेहतरीन देख-भाल कि जिससे मैं चन्द महीनो मे अपने पैरो पर खड़ा हो गया.कही ना कही मेरा रोम-रोम जास्मिन और उसके परिवार के अहसान के नीचे दबा हुआ था और वैसे भी अब उसका मेरे सिवा कौन था. मैं उसको कैसे

छोड़कर जा सकता था, दूसरी तरफ हीना थी जिसने मेरी एक छोटी सी दिल्लगी को प्यार समझ कर मेरे जाने के बाद सुजल और जास्मिन का ना सिर्फ़ ख़याल रखा बल्कि मेरी गैर हाज़री मे बाबा और सलमा की भी हमेशा मदद की. वो नही होती तो आज शायद जास्मिन और सुजल भी ज़िंदा नही होते, वही शहनाज के बारे मे सोचता तो वो सबसे अलग थी सारी दुनिया ने मान लिया था कि मैं मर चुका हूँ फिर भी वो मेरा इंतज़ार करती रही. मुझसे शादी किए बिना भी मेरी बेवा बनकर वो अपनी उमर गुज़ारने के लिए तैयार थी और मेरे चले जाने के बाद उसने मेरे सपने को अपनी ज़िंदगी का मकसद बना लिया और अपनी सारी ज़िंदगी यतीम खाने के नाम क रदी. देखा जाए तो मैं इन तीनो का ही कही ना कही कर्ज़दार था.इनके किए हुए प्यार और अहसान को मैं ऐसे कैसे छोड़ कर नही जा सकता था लिहाज़ा मैने एक ऐसा फ़ैसला किया जो शायद किसी ने भी ना सोचा हो. एक नतीजे पर पहुँच कर मैं खुद को काफ़ी शांत महसूस कर रहा था और बाबा की कब्र के पास बैठा खुश हो रहा था. तभी पिछे से एक हाथ मेरे कंधे पर आके रुक गया. मैने पिछे मुड़कर देखा तो ये सलमान था.

सलमान : भाई ! कहाँ है तू दुपेहर से. मैं घर भी गया था लेकिन हीना और जास्मिन ने बताया कि तू बिना कुछ कहे वहाँ से चला गया .मैने समझा तू यतीम खाने गया होगा वहाँ से भी शहनाज से ऐसा ही जवाब मिला. तुझे काफ़ी ढूँढा जब तू नही मिला तो मैं जानता था तू कहाँ मिलेगा.

मैं : यार शाम हो गई ? पता ही नही चला ! मैं आज खुद को काफ़ी उलझा हुआ महसूस कर रहा था. इसलिए सोचा यहाँ आ जाऊ तो मन शांत हो जाएगा.

सलमान : मैं जानता हूँ यार... चल बता फिर किसको प्यार करता है तू और किससे शादी करेगा .मैं कल ही क़ाज़ी को बुलवा लेता हूँ.

मैं : तू क़ाज़ी को बुलवा ले मैने. मेरी हम-सफ़र को चुन लिया है.

सलमान : (खुश होके मेरे गले लगते हुए) अर्रे वाह भाई ! दिल खुश कर दिया.क्या मस्त खबर सुनाई है.... चल बता कौन है हमारी होने वाली भाभी...

मैं : (मुस्कुरा कर) कल निकाह पर देख लेना

सलमान :यार तू कल ही शादी करेगा क्या...

मैं : हाँ क्यो... नही कर सकता क्या...

सलमान : नही... नही... यार ! ऐसी बात नही है . मेरा मतलब था शादी अगर धूम-धाम से होगी तो ज़्यादा बेहतर होगा और उसके लिए तैयारियाँ करने के लिए वक़्त चाहिए.

मैं : (कुछ सोचते हुए) एक हफ़्ता काफी है ...

सलमान : हाँ एक हफ्ते मे तो मैं सब इंतज़ाम कर दूँगा...

मैं : तो ठीक है फिर तय हो गया....

उसके बाद मैं ओर सलमान कार मे बैठ कर घर आ गये. जहाँ जास्मिन शहनाज और हीना मेरा इंतज़ार कर रही थी.

सलमान : लो जी आपका मुजरिम पकड़ लाया हूँ. अब खुद ही संभाल लो. मैं तो चला शादी की तैयारियाँ करने... मुझे बहुत काम है.

सलमान की बात सुन्नकर वो तीनो मेरे पास आके बैठ गई और मुझे सवालिया नज़रों से देखने लगी क्योंकि सलमान की तरह वो भी जानना चाहती थी कि मैं किससे शादी करना चाहता हूँ.लेकिन उनमे से कोई भी मुझसे ये सवाल नही पूछ रही थी. शायद उनमे किसी मे भी दूसरे का नाम सुनने की हिम्मत नही थी.इसलिए कुछ देर मेरे पास खामोश बैठी रहने के बाद तीनो अपने-अपने कामो मे लग गई. मैं जानता था कि वो तीनो ही अंदर से बेहद उदास हैं. लेकिन फिर भी मेरी खुशी के लिए तीनो सलमान की बीवी के साथ शादी की शॉपिंग मे लग गई.

तय किए हुए दिन पूरी बस्ती को दुल्हन की तरह सज़ा दिया गया और मेरी शादी बस्ती मे करना ही तय हुआ क्योंकि मेरा भी कोई अपना खास रिश्तेदार तो था नही. जो भी थे ये बस्ती वाले और मेरे दोस्त मेरे यार ही थे. इसलिए मैने बस्ती मे ही शादी करने का फ़ैसला किया जिसको सबने खुशी-खुशी मान लिया. लेकिन इन गुज़रे दिनों मे सब मुझसे आके

बार-बार एक ही सवाल पूछते थे कि दुल्हन कौन है और मैं किसी को कुछ नही बता रहा था. इसलिए सब एक अजीब सी उलझन मे शादी की तैयारियाँ कर रहे थे.

शादी वाले दिन क़ाज़ी ने दुल्हन को बुलाने का कहा था तो सब मेरी तरफ सवालिया नज़रों से देखने लगे कि अब मैं किसका नाम लूँगा. मैने चारो तरफ नज़र घूमके देखा तो वहाँ पर ना तो जास्मिन थी ना ही शहनाज थी और नही ही हीना थी इसलिए मैने सलमान से तीनो का पूछा.

सलमान : वो तीनो घर मे हैं. जो भी तुम्हारी दुल्हन है उसको जाके खुद ले आओ.

इतना सुनकर मैं वहाँ से उठा ओर चुपचाप घर के अंदर चला गया जहाँ तीनो अलग-अलग बैठी हुई थी और एक दम खामोश थी वो काफ़ी उदास लग रही थी. मुझे देख कर वो कुछ ज़्यादा ही परेशान सी लगने लगी.

मैं : क्या हुआ तुम तीनो यहाँ क्यो हो...

हीना : सुजल बस करो अब बहुत हो गया है. हम तीनो कितने दिन से देख रही है तुम ना तो कुछ कहते हो ना किसी की सुनते हो. आख़िर तुम बताते क्यो नही कि तुमने किसको चुना है .कितने दिन हो गये तुमने हम तीनो की जान सूली पर टाँग रखी है .समझ ही नही आ रहा है कि तुम्हारे दिल मे क्या है.

मैं : (ज़ोर से हँसते हुए) अगर मैं कहूँ कि मैं तुम तीनो से शादी करना चाहता हूँ, तो तुम तीनो मे से किसी को ऐतराज़ है क्या...?

मेरी ये बात सुनकर तीनो एक दूसरे की शक़ल देखने लगी. उनको शायद समझ नही आ रहा था कि वो क्या कहें. शायद किसी ने भी मुझसे ऐसे जवाब की उम्मीद नही की थी इसलिए अब मेरे जैसी उन तीनो की हालत हुई पड़ी थी.

शहनाज : तुम पागल तो नही हो गये हो.तुम जानते भी हो तुम क्या कह रहे हो. ये ना-मुमकिन है.

मैं : मैं एक दम ठीक हूँ और मैने जो कहा वो भी एक दम सही है. मैं तुम तीनो के बारे मे सोचा लेकिन कोई भी फ़ैसला नही कर पाया.इसलिए मैने तुम तीनो को ही चुन लिया. क्योंकि मैं जानता हूँ ,तुम तीनो मे से कोई भी मेरे बिना नही रह सकती और एक को खुश करके मैं दो का दिल नही तोड़ सकता. अब बताओ तुम तीनो को इससे कोई ऐतराज़ है या नही.

इतना कहकर मैने सबसे पहले जास्मिन की तरफ देखा तो उसने ना मे सिर हिला दिया. फिर शहनाज की तरफ देखा तो उसने भी ना मे सिर हिला दिया और लास्ट हीना की तरफ देखा तो उसने बिना कुछ कहे मुझे गले से लगा लिया.

मैं : अगर ऐतराज़ नही है तो तैयार होके बाहर आ जाओ. बाहर क़ाज़ी इंतज़ार कर रहा है.

उसके बाद मैं वापिस बाहर आ गया और अपनी जगह पर जाके बैठ गया और सलमान और लाला को सारी बात बता दी. तो मेरी बात सुनकर उनके भी होश उड़ गये. लेकिन मेरी बात को समझने के बाद वो भी मान गये और मेरी खुशी मे वो भी खुश हो गये. कुछ देर बाद तीनो तैयार होके आ गई और क़ाज़ी ने थोड़े बहुत नाटक करने के बाद मेरा तीनो से निकाह करवा दिया. उसके बाद मैने, मेरी बीवियो ने और सुजल ने एक साथ ये मुल्क़ छोड़ दिया.

मैने ऊपरवाले से मन ही मन कहा कि , "***अब बस करो !*** ,में थक चुका हूं इस खून खराबे से " और ऊपरवाले ने मेरी सुन भी ली.अब मैं अपनी तीनो बीवियो के साथ बहुत सुकून से रहता हूँ. मुझे मेरा मुल्क़ छोड़े हुए चौबीस साल हो गये हैं और इन बीते चौबीस सालो मे मुझे हीना, शहनाज और जास्मिन से एक-एक बेटा हुआ है .जो अभी स्कूल और कॉलेज की एजुकेशन पूरी कर रहे हैं और हमारे साथ ही रहते हैं. तीनो मे मेरी कोई ना कोई खूबी है. लड़कियों का शाँक सबको ही है जिनसे उनकी माँ हमेशा ही परेशान रहती हैं लेकिन वो हर बार मुझे डाँट खाने के लिए आगे करके खुद साफ बचकर निकल जाते हैं. छोटा सुजल भी अब बड़ा हो गया है और वो और अली (सलमान का बेटा) अब मेरा बिजनेस संभालने लगे हैं. सुजल देखने मे काफ़ी हद तक मेरे जैसा है. थोड़ा गरम मिज़ाज़ का भी है. अली एक दम सलमान जैसा ठंडे दिमाग़ का .है जो सुजल को ठंडा करने मे लगा रहता है.

हमारे जाने के बाद यतीम खाना अब साधरन यतीम खाना नही रहा. वहाँ अब हमने एक शानदार स्कूल और बच्चों के रहने के लिए एक आलीशान होस्टल बनवा दिया है. जहाँ बच्चे अच्छी तालीम हासिल करते हैं. क्योंकि हम उन बच्चो को अपने जैसा नही बनाना चाहते. बस्ती भी वो पुरानी टूटी फूटी नही रही हमने वहाँ सबके लिए अच्छे और शानदार घर बनवा दिए हैं और लोगो के रोज़गार के लिए वहाँ फॅक्टरीस और मिल्स खोल दी हैं.जिसको लाला, सूमा संभालते हैं.

अर्रे हाँ हमारे बिजनेस का बताना तो मैं भूल ही गया. हमने अब अपना ड्रग्स और हथियारों का बिजनेस बंद कर दिया है और सारा पैसा रियल एस्टेट, होटेल्स, कसीनो और फाइनान्स कंपनी मे लगा दिया है और अपने हर ग़लत धंधे को शरीफो वाला बिजनेस बना दिया है.जिसको मेरे साथ सलमान, गानी संभालते हैं. लाला, सूमा और गानी ने भी शादी कर ली है और सुधरने की पूरी कोशिश कर रहे हैं. लेकिन आज भी उनके अंदर का गुंडा कभी कभी बाहर आ जाता है जिसको मुझे और सलमान को संभालना पड़ता है. आज मैं एक अंडरवर्ल्ड डॉन होते हुए भी एक नॉर्मल बिजनेस मेन की जिंदगी गुज़ार रहा हूँ और अपने परिवार के साथ बहुत खुश हूँ.

•◆■★ *समाप्त* ★■◆•